26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान


# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 10 मई, 2026

अंक- 195 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# तमिलनाडु में आज से 'विजय राज' शुरू

## थलपति ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ



**चेन्नई (एजेंसी/चिंगारी)।** तमिलनाडु में तमिझगा वेट्री कषगम (टीवीके) प्रमुख चंद्रशेखर जोसेफ विजय को आज मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी गयी। उनके साथ नौ अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। टीवीके ने विधानसभा चुनाव की 234 सीटों में 108 पर जीत हासिल की और कांग्रेस, वामदलों एवं अन्य दलों के साथ मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। श्री विजय को यहां नेहरू स्टेडियम में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके अलावा श्रीएन आनंद, श्री आधव अर्जुन, डॉ. के.जी. अरुणराज, श्री के.ए. सेनगोट्टयां, श्री पी. वेंकटरमणन, श्री आर. निर्मलकुमार, श्री राजमोहन, श्री डॉ. टी.के. प्रभु और सुश्री सेल्वी एस. कीर्तना को मंत्रिपद की शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेतागण भी मौजूद थे। नेहरू स्टेडियम में विशाल जनसमूह भी शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी बना।

### विजय के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचीं तृषा

विजय थलापति अब तमिलनाडु के नये मुख्यमंत्री कहलाएंगे। आज उनका शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस मौके पर उनका पूरा परिवार इस समारोह में पहुंचा। साथ ही साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस तृषा कृष्णनन को भी शपथ ग्रहण समारोह में देखा गया है। तृषा कृष्णनन और विजय थलापति करीबी दोस्त हैं। काफी फिल्में साथ कर चुके हैं। ऐसे में उनका विजय के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना लाजमी था। इस मौके पर उनकी आंखों में नमी दिखीं। साथ ही चेहरे पर विजय के मुख्यमंत्री बनने की खुशी भी साफ झलक रही थी। यह शपथ ग्रहण समारोह चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। तृषा कृष्णनन सी ग्रीन कलर की साड़ी पहनकर विजय के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। बालों में उनके गजरा लगा था। हल्का मेकअप तृषा ने किया हुआ था। पारंपरिक परिधान में वह काफी जंच रही थीं।

### विजय के पिता समारोह में भावुक दिखे

**विजय का पूरा परिवार शपथ ग्रहण समारोह में नजर आया। इस मौके पर उनके पिता और मां काफी भावुक दिखे। साथ ही टीवीके पार्टी के सदस्य भी रोते हुए नजर आए। अपने नेता को मुख्यमंत्री बनते हुए देखकर वे लोग भी इमोशनल हो गए।**

### तृषा और विजय थलापति के बीच करीबी रिश्ता

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार विजय थलापति और तृषा कृष्णनन काफी करीबी हैं। दोनों के रिलेशनशिप में होने की अटकलें भी सुनने को मिलती हैं। इन बातों पर कभी दोनों ने सफाई नहीं दी है। लेकिन अक्सर कई जगहों पर साथ नजर आते हैं। विजय की बात करें तो उनका पत्नी से तलाक भी होने वाला है।

RVIT
leading RVITians...
17 YEARS OF QUALITY EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING · PHARMACY MANAGEMENT
2200+ PLACEMENTS IN 17 YEARS
990+ WORKSHOP TOURS
85% PLACEMENTS IN 2025-26
MILESTONES Excellence Awards Year After Year.





R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.
B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in

आपका सपना हम करायेंगे पूरा
देश/विदेश से एम.बी.बी.एस. एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
अंजुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
Since 2010
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें
आने से पहले कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# समस्याओं से जूझ रहे शाहपुर खेड़ी व अन्य गांवों के लोग



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद बिजनौर के ग्राम शाहपुर खेड़ी एवं आसपास के गांवों के लोग वर्षों से जल निकासी, टूटी सड़क और गंदगी की भयावह समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि कोई भी सरकारी अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है। दोनों गांवों का गंदा पानी सड़क किनारे बने नाले में महीनों तक सड़ता रहता है। उस गंदे पानी में मच्छर, बैक्टीरिया और जहरीले कीट पैदा होते रहते हैं, जिससे गांव में हर वर्ष डेंगू, बुखार और अन्य संक्रामक बीमारियां महामारी का रूप ले लेती हैं।

बरसात के बाद सितंबर और अक्टूबर के महीनों में स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि किसान परिवारों के लाखों रुपये अस्पतालों और डॉक्टरों के पास चले जाते हैं। पिछले वर्ष डेंगू के कारण गांव में कई लोगों की मौत भी हुई, लेकिन प्रशासन के संवेदनहीन अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। यह मौतें प्राकृतिक नहीं बल्कि सरकारी तंत्र की घोर लापरवाही से हुई त्रासदियां हैं।

ग्राम निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने स्वयं तथा दोनों ग्राम प्रधानों द्वारा आयुक्त मुरादाबाद अंजनेय कुमार सिंह को लिखित रूप में इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया था। दोनों ग्राम प्रधानों द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया था कि सड़क टूटी हुई है, नाली का गंदा पानी सड़कों पर भरा रहता है, वहां स्थायी कुंड बन चुके हैं और लगभग 50 गांवों के लोगों का मुख्य आवागमन इसी रास्ते से होता है। आएदिन दुर्घटनाएं होती हैं, ग्रामीण परेशान होते हैं, लेकिन किसी अधिकारी के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। ग्राम प्रधान द्वारा दिए गए पत्र पर कार्रवाई करने के नाम पर एक पटवारी गांव में आया। उसने ग्राम प्रधान से कहा कि यह तो पीडब्ल्यूडी की सड़क है, आप पीडब्ल्यूडी को लिखिए, हमारा इससे क्या लेना-देना? सुरेंद्र सिंह का कहना है कि समस्या समाधान करने के बजाय जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालकर जनता को परेशान किया जाता है। जिन कर्मचारियों का काम जनता की सहायता करना है, वही आम किसानों को चक्कर कटवाते हैं। गांव का गरीब किसान, जो भीषण गर्मी, कड़ाके की सर्दी और बरसात में पूरे देश के लिए अन्न पैदा करता है, आज गंदे पानी, टूटी सड़कों और बीमारियों के बीच जीने को मजबूर है।

सबसे शर्मनाक बात यह है कि पिछले वर्ष ब्लॉक प्रमुख बुढ़नपुर की निधि से लगभग 20-22 लाख रुपये खर्च करके जो नाला बनाया गया, वह भी पूरी तरह फेल साबित हुआ। नाला इतना गहरा और गलत तरीके से बनाया गया कि उसमें पानी का निकास होने के बजाय और अधिक जलभराव होने लगा। जनता के टैक्स का लाखों रुपये बिना योजना और बिना जवाबदेही के बर्बाद कर दिया गया। अब सवाल यह है कि इस सरकारी धन की बर्बादी का जिम्मेदार कौन है?

# मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

**झालू ( चिंगारी )।** मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग, ममता और संस्कारों की जीवंत प्रतिमूर्ति होती है। इसी भावना को सम्मान देने के उद्देश्य से ग्रेट इंडियन एकेडमी के परिसर में मातृ दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय का संपूर्ण वातावरण प्रेम, स्नेह और मातृत्व की भावनाओं से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा से हुआ। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने मां के महत्व को दर्शाते हुए सुंदर विचार प्रस्तुत किए। इसके पश्चात नर्सरी से तृतीय कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा विशेष समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा एवं मधुर संगीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में तृतीय से पंचम कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने मां का महत्व, मां का त्याग, मां का प्रेम, जैसे विषयों पर अत्यंत प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने आत्मविश्वास, स्पष्ट उच्चारण और भावपूर्ण अभिव्यक्ति से सभी को प्रभावित किया। कई विद्यार्थियों ने अपने भाषण में यह बताया कि मां हर परिस्थिति में अपने बच्चों के साथ खड़ी रहती है और जीवन की हर कठिनाई में उनका मार्गदर्शन करती है। विद्यार्थियों ने मां पर आधारित सुंदर एवं भावनात्मक कविताएं प्रस्तुत कीं। विद्यालय में प्रिंस एंड प्रिंसेस डे सेलिब्रेशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के बच्चों ने सुंदर राजकुमार और राजकुमारी की वेशभूषा धारण कर अपनी प्रस्तुति दी। वहीं तृतीय से पंचम कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में विभिन्न आउटडोर खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, उपप्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा व डीन ऑफ एकेडमिक आयुष अग्रवाल ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# दीवार पर बैठा गुलदार ग्रामीणों को देख स्कूल में घुसा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। स्कूल की दीवार पर गुलदार को बैठा देख ग्रामीण घबरा गए। लाठी डंडों से उसे खदेड़ा वाकया शनिवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे का है। थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम जटपुरा में संविलियन विद्यालय की दीवार पर गुलदार को बैठा देख ग्रामीण सहम गए। सूचना पाते ही प्रधान पुत्र कपिल कुमार व अन्य ग्रामीण गजेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह, दीपू, नरेश आदि लाठी डंडों के साथ वहां पहुंचे तो गुलदार दीवार से नीचे उतरकर स्कूल में घुस गया। प्रधान पुत्र कपिल कुमार ने ग्रामीणों के साथ मिलकर उसी समय स्कूल को खुलवाकर गुलदार को खदेड़ा तब वह स्कूल की दीवार फांदकर भागा। गुलदार के गांव में आएदिन देखे जाने से लोग भयभीत हैं और स्कूल के इर्द-गिर्द गुलदार की बढ़ती आवाजाही से बच्चों की जान भी खतरे में है। इस संबंध में नगीना वन रेंज के क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि जटपुरा की यह सूचना प्राप्त हुई है, शीघ्र ही पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।**


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# पोस्टमार्टम के बाद शावेज का शव उसी स्थान पर दफनाया

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर तिगरी निवासी 22 वर्षीय युवक शावेज़ पुत्र मरहूम क़ासिम की दो महा पूर्व दिल्ली के कसाकपुरा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जिसके शव को गांव लाकर दफ़ना दिया गया था। शावेज़ दिल्ली के कसाकपुरा में जनरल स्टोर चलाता था। 13 अप्रैल को मृतक के चाचा नासिम ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को प्रार्थना पर देकर आरोप लगाया था कि उनके भतीजे की सामान्य मौत नहीं हुई, बल्कि उसकी हत्या

### मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ

मृतक शावेज़ की माँ रूबी तथा रूबी की बहन के देवर कलीम द्वारा जहर का इंजेक्शन तथा गला दबाकर की गई है। प्रार्थना पत्र पर तहसील प्रशासन चांदपुर नायब तहसीलदार ओंकार सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने भारी पुलिस वल की मौजूदगी में डीएम के आदेश पर शुक्रवार की दोपहर शव को क़ब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया था। शनिवार को शावेज़ के शव का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद शावेज़ के शव को पुन: गांव लाकर पुलिस की मौजूदगी में उसी कब्र में सुपुर्द खाक कर दिया है।पोस्टमार्टम मे मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने बताया की बिसरा प्रिजर्व जांच के लिये विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# अक्षर आरंभ, मातृ दिवस एवं महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** सांई इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में 'अक्षर आरंभ' कार्यक्रम, मातृ दिवस एवं महाराणा प्रताप जयंती का संयुक्त रूप से भव्यता से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक भुवनेश सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष रस्तोगी, प्रबंध समिति सदस्य सरिता शर्मा, मंजू सिंह, श्रुति रस्तोगी एवं प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अभिभावकों ने खूब सराहा। 'अक्षर आरंभ' कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों द्वारा तैयार किए गए उनके नाम के प्रथम अक्षर को उनके माता-पिता को सम्मानपूर्वक भेंट किया गया, जिससे अभिभावक भावुक एवं गौरवान्वित नजर आए। इस अवसर पर मातृ दिवस के उपलक्ष्य में माताओं के सम्मान में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं, वहीं महाराणा प्रताप जयंती पर उनके शौर्य एवं राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि बच्चे की प्रथम गुरु माता होती हैं एवं किसी भी बच्चे के भविष्य के निर्धारण में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति मां ही होती हैं। इस संदर्भ में भक्त ध्रुव एवं वीर शिवाजी का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार मां की शिक्षा बच्चे के जीवन को दिशा प्रदान करती है। कार्यक्रम के समापन पर सभी अभिभावकों के लिए सुस्वादु जलपान की व्यवस्था की गई तथा विद्यालय परिवार की ओर से नन्हे बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ

1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हुआ 13,952 वादों का निस्तारण

## करीब 13.88 करोड़ रुपये की समझौता धनराशि दिलाई गई



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर बिजनौर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजय कुमार-ढ्ढढ्ढ ने दीप प्रज्वलित कर किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश श्री संजय कुमार-ढ्ढढ्ढ के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जबकि इसका समन्वय नोडल अधिकारी एवं अपर जनपद न्यायाधीश श्री लोकेश नागर ने किया। लोक अदालत में कुल 13,952 वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान 98,06,150 रुपये की जुर्माना धनराशि वसूल की गई तथा 13,88,37,168 रुपये की समझौता धनराशि दिलाई गई।

लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुधीर कुमार ने 21 वादों का निस्तारण किया, जबकि अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री संजय कुमार-II ने 19 मामलों का निपटारा किया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ज्ञान प्रकाश सिंह ने 9 वादों का निस्तारण करते हुए 49.65 लाख रुपये की समझौता धनराशि दिलाई। वहीं स्थायी लोक अदालत की अध्यक्ष श्रीमती किरन बाला ने दो मामलों का निस्तारण कर दो लाख रुपये की समझौता राशि दिलाई। अतिरिक्त न्यायालय 138 एनआई एक्ट के न्यायाधीश श्री सुन्दर लाल ने 17 मामलों का निस्तारण करते हुए 92.74 लाख रुपये की जुर्माना धनराशि वसूल की। इसके अलावा विभिन्न अपर जनपद न्यायाधीशों एवं सिविल न्यायालयों द्वारा भी सैकड़ों मामलों का निस्तारण कर जुर्माना एवं समझौता धनराशि दिलाई गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री प्रीति चौधरी ने 3,365 मामलों का निस्तारण किया, जबकि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने 2,660 मामलों का निपटारा किया। इसके अतिरिक्त नगीना, नजीबाबाद, चांदपुर एवं धामपुर न्यायालयों में भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण हुआ।

# रूपपुर में किया गया ओमवती का अंतिम संस्कार

## हजारों लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**स्योहारा (चिंगारी)।** शनिवार को पूर्व राज्य मंत्री ओमवती पंचतत्व में विलीन हो गईं। उनका पार्थिव शरीर जैसे ही पैतृक गांव रूपपुर शाहपुर पहुंचा, शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। गांव स्थित आम के बाग में पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

पूर्व राज्य मंत्री ओमवती का पार्थिव शरीर शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे उनके पैतृक गांव रूपपुर शाहपुर पहुंचा। जैसे ही पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, माहौल गमगीन हो गया और हर आंख नम दिखाई दी। परिजनों, रिश्तेदारों, ग्रामीणों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद गांव स्थित उनके आम के बाग में पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान लोगों का तांता लगा रहा। सभी ने उनके पति पूर्व मुख्य सचिव आरके सिंह, पुत्र राजीव कुमार एसपी विजिलेंस मेरठ तथा पुत्रवधू कांग्रेस जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव को सांत्वना दी। अंतिम संस्कार में विधायक ओम कुमार, विधायक तसलीम अहमद, सांसद रुचि वीरा, सांसद चन्द्रशेखर, पूर्व सांसद शीशराम सिंह रवि, पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन, अनिल कुशवाहा, हाजी इल्यास, आदिल चौधरी, बृजमोहन रवि, डॉ. जेपी शर्मा, मनोज कुमार सिंह, राजेंद्र सिंह, अहसन जमील, चौधरी फहीम उर रहमान और अमित चौहान, डाक्टर मनोज वर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।





# स्वतंत्रता सेनानी पं. केशवशरण शर्मा को विनम्र श्रद्धांजलि!

पं. केशवशरण आपने, देशहित में काम किया
मण्डावर कस्बे का भाइयो, भारत वर्ष में नाम किया

चले छोड़ सुख साधन सारे, भारत आजाद कराने को
शासन थर्राया देख-देख, उमड़े सागर से मर्दाने को

जा गांव, गांव, शहर, शहर, जनचेतना ऐसी फैलाई
सोते हुए शेर लगे जगने, लेने लगे थे वे अंगड़ाई

कलक्टर ने तब सभा करी, एसपी से वह ऐसे बोला
पकड़ो जल्दी उस केशव को, जो दहक रहा बनकर शोला

बीस सितम्बर सन् चालीस को दरोगा ने केशव को पकड़ लिया
क्षमा करना हे देशभक्त, कह सर को अपने झुका दिया

एक वर्ष तीन माह कैद हुई, ये निर्भीक न घबराया मन में
स्वरूप नंदन तेरी जय होवे, आवाज गूंज गई जन-जन में

आये जेल से बाहर जब, सब ओर हुआ था अभिनंदन
बच्चे, बूढ़े, युवक-युवती जयघोष करें, करते वंदन

कुछ समय बाद सन् बयालीस को, नौ अगस्त का दिन आया
पकड़ अंग्रेज सरकार ने इनको, जिला जेल में पहुंचाया

सश्रम कारावास मिली, पर तनिक न घबराये थे
जेल अधीक्षक इन्हें देख, मन ही मन चकराये थे

इस तरह देश की आज़ादी में बढ़-चढ़कर कदम बढ़ाए थे
हंसकर विपदाएं सहीं सदा, न मन में घबराए थे

पं. केशव है ऋणी देश, हम सभी आपके आभारी
जो त्याग किया है देशहित में, न भूल सकेंगे नर-नारी



-प्रस्तुतकर्ता-
रघुवीर सिंह बेधड़क मण्डावर (बिजनौर)

# अंतिम संस्कार में आये युवक की गंगा में डूबकर मौत

**बिजनौर (चिंगारी)।** गंगा बैराज पर अंतिम संस्कार में शामिल होने आया एक युवक गंगा में नहाते समय डूब गया। परिजन उसे आनन-फानन में मेडिकल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

जिला मुजफ्फरनगर के थाना मीरापुर क्षेत्र के गांव वालीपुरा निवासी सागर (26) पुत्र धर्मेंद्र शनिवार को अपने एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बिजनौर गंगा बैराज आया था। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सागर गंगा में नहाने लगा। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और काफी प्रयास के बाद उसे गंगा से बाहर निकाला। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला मेडिकल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बैराज चौकी प्रभारी जितेंद्र बाना ने बताया कि परिजन बिना किसी कार्रवाई के शव को अपने साथ ले गए। उन्होंने गंगा घाट पर मौजूद लोगों से गहरे पानी में न जाने और सावधानी बरतने की अपील की।

# हरिजन बस्ती में भरा पानी, लोगों को आने-जाने में परेशानी

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव की हरिजन बस्ती में जोगी औंधा मार्ग की नालियों का निर्माण न कराए जाने से वहां हर समय गंदा पानी इकट्ठा रहने लगा है जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जयपाल सिंह, दीपक कुमार, डॉ. राहुल सिंह, विरमे, विक्की आदि लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि बस्ती के घरों का सारा गंदा पानी पहले से ही गांव के तालाब में जाता है। उनका कहना है कि पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी द्वारा सीसी रोड तो बनवा दी गई लेकिन



नालियों का निर्माण अभी तक अधर में लटका पड़ा है, जबकि नालियां काफी संकरी और गहरी हो गई हैं। नालियों का निर्माण न होने से वहां हर समय गंदा पानी भरा रहता है। सड़क पर पानी के साथ गंदगी की भरमार रहने से जहां संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका है, वहीं लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उधर ग्राम प्रधान पति मा दुष्यंत कुमार का कहना है कि रतनपुर खुर्द गांव के अन्य गली मोहल्लों में सड़क किनारे की साइड और नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। हरिजन बस्ती में भी नालियों का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। बस्ती में शेष बची सीसी रोड का निर्माण कराया जाना है जो सांसद निधि से होना प्रस्तावित है।

# विकास की रफ़्तार के साथ मिट गईं शहर की कई निशानियां

-नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर की पहचान केवल उसकी सड़कों, बाजारों और इमारतों से नहीं होती, बल्कि उन पुरानी धरोहरों, ऐतिहासिक स्थानों और वर्षों पुरानी निशानियों से भी होती है जिन्होंने नगर की संस्कृति, इतिहास और सामाजिक जीवन को एक अलग पहचान दी। समय के साथ विकास की रफ्तार तेज हुई, लेकिन इसी बदलाव के बीच नगर की कई ऐसी पहचानें धीरे-धीरे समाप्त होती चली गईं। हालांकि वे स्थान/नाम आज भी मौजूद हैं। परंतु जिन वजहों से वे प्रसिद्ध थे। वे अब अतीत का हिस्सा बन चुकी हैं। इसके बावजूद उनके नाम आज भी लोगों की जुबां पर जीवित हैं। नगर के बुजुर्ग इन स्थानों को याद कर आज भी भावुक हो उठते हैं।



ऐतिहासिक किले का गेट। फाइल फोटो।




प्राथमिक विद्यालय प्रथम, आम वाला स्कूल।

## बेल वाली मस्जिद

जानकारी के अनुसार मोहल्ला जैनुलआबदीन स्थित प्रसिद्ध बेल वाली मस्जिद नगर की ऐतिहासिक पहचान मानी जाती रही है। मस्जिद के सदर नौशाद अहमद बताते हैं कि पुराने जमाने से ही मस्जिद के मुख्य द्वार पर बरसों तक बेला फूल की बेल/और परिसर के भीतर एक विशाल बेल का पेड़ हुआ करता था, जिसकी वजह से लोग उसे बेल वाली मस्जिद के नाम से जानने लगे थे। वर्षों बाद भी मस्जिद अपनी गरिमा के साथ मौजूद है। लेकिन वह बेला की बेल और बेल का पेड़ अब केवल लोगों की स्मृतियों में ही शेष रह गया है। आज की पीढ़ी इस स्थान को केवल उसके नाम से पहचानती है।



मुख्य द्वार बेल वाली मस्जिद।

## आम वाला स्कूल

इसी प्रकार मोहल्ला चिरंजीलाल स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रथम, जिसे नगरवासी आज भी आम वाला स्कूल के नाम से पुकारते हैं। नगर की पुरानी पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकारी अभिलेखों और चुनावी दस्तावेजों में भी उसका नाम प्राथमिक विद्यालय प्रथम आम वाला ही दर्ज है। बताया जाता है कि विद्यालय परिसर में कभी विशाल आम का पेड़ हुआ करता था, जिसकी छांव में बच्चे खेलते और पढ़ाई किया करते थे। आज विद्यालय भवन तो मौजूद है। लेकिन वह आम का पेड़ अब दिखाई नहीं देता जो कभी उसकी सबसे बड़ी पहचान हुआ करता था।

## अफजल खान का किला

वहीं मोहल्ला किला भी नगर की ऐतिहासिक विरासत का अहम हिस्सा रहा है। यह मोहल्ला कभी अफजल खान के किले के भव्य द्वार के कारण दूर-दूर तक प्रसिद्ध था। वह द्वार नगर की शान और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक माना जाता था। स्थानीय लोगों के अनुसार पालिका द्वारा कई वर्ष पहले उस ऐतिहासिक द्वार का ध्वस्तीकरण करा दिया गया था, जिसके बाद नगर की एक महत्वपूर्ण पहचान हमेशा के लिए समाप्त हो गई। आज 'मोहल्ला किला' नाम तो जीवित है। लेकिन उसकी मूल पहचान अब केवल इतिहास की बात बनकर रह गई है।

## इमली वाला तालाब

इसी क्रम में नगर के बस स्टैंड पर स्थित प्रसिद्ध इमली वाला तालाब भी लोगों की यादों में विशेष स्थान रखता है। मरहूम अब्दुल रज्जाक के पोते मोहम्मद अयाज बताते हैं कि यहां कभी विशाल इमली का पेड़ हुआ करता था, जिसकी घनी छांव में बच्चे खेलकूद/और वॉलीबॉल के बड़े टूर्नामेंट हुआ करते थे और आसपास के लोग समय बिताने पहुंचते थे। वह स्थान नगर के सामाजिक जीवन और बच्चों के बचपन की यादों का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था। समय के साथ उस स्थान का स्वरूप बदला और उस स्थान पर एक नया मार्केट लगभग 25 वर्ष पूर्व बनकर खड़ा हो गया। आज वहां मैदान तो मौजूद है, लेकिन वह इमली का पेड़ अब नहीं रहा।

**विकास आवश्यक है, लेकिन नगर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक पहचान को संरक्षित रखना भी उतना ही जरूरी है। क्योंकि यही पुरानी निशानियां आने वाली पीढ़ियों को अपने नगर के इतिहास, संस्कृति और गौरवशाली अतीत से जोड़ने का कार्य करती हैं। यदि इन्हें समय रहते संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में लोग केवल इन स्थानों के नाम ही सुन पाएंगे। लेकिन उनसे जुड़ी वास्तविक पहचान, यादें और इतिहास को कभी अपनी आंखों से देख नहीं पाएंगे।**

## टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मनाया गया मदर्स डे



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शनिवार को नगर स्थित टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल में मदर्स-डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शेफाली अग्रवाल की अध्यक्षता व स्कूल की प्रिंसिपल मिस फातिमा कुरैशी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षिका सबा सिद्दीकी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। कार्यक्रम में जहां एक ओर बच्चों ने मातृ प्रेम को प्रदर्शित कर फिल्मी गीत पर शानदार प्रस्तुति देते हुए सभी को भावुक कर दिया, वहीं दूसरी ओर कई महिलाओं ने भावात्मक अंदाज में बाल प्रेम से सराबोर कार्यक्रम पेश कर मंत्रमुग्ध किया। चीफ गेस्ट सबा सिद्दीकी ने मां को बच्चे की पहली पाठशाला बताया और कहा कि मां ही बच्चे की सच्ची मार्गदर्शक होती है। इस मौके पर एकता अग्रवाल, कनिष्क अग्रवाल, ईशा गुप्ता, पूजा त्रिपाठी, शगुफ्ता, फातिमा व शबाना परवीन आदि अनेक महिलाएं खासतौर से उपस्थित रहीं। प्रोग्राम को कामयाब बनाने में मिस फातिमा कुरैशी सहित स्कूल की शिक्षिकाओं बुशरा खान, शारिया खान व तहूरा फरीदी का अहम रोल रहा।




## तमंचे के साथ रतुपुरा का मोहित गिरफ्तार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** चैकिंग के दौरान अफजलगढ़ पुलिस ने तमंचे के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि अफजलगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के जटपुरा चैक पोस्ट पर चैकिंग के दौरान संदिग्ध प्रतीत हुए एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ। युवक ने अपना नाम मोहित कुमार पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम रतुपुरा थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद बताया, जिसके खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई है।

## मौलाना जौहर इंस्टीट्यूट का एमए उर्दू का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**किरतपुर ( चिंगारी )।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट किरतपुर (बिजनौर) का एमए तृतीय सेमेस्टर ( उर्दू ) 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जो शत-प्रतिशत रहा। परिणाम देखकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। घोषित परिणाम के अनुसार शीबा परवीन ने 76.17 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, शायबा ने 74.33 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं हुमा परवीन ने 73.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक मौहम्हद साईम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं आगे भी ऐसे ही मेहनत व लगन से आगे बढ़ें और देश व समाज का नाम रोशन करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहित बंसल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं ऐसे ही लगन से अपने कैरियर को संवारें। उर्दू विभाग की प्रवक्ता उज़्मा परवीन ने छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की



# महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली गई भव्य रैली

धामपुर ( चिंगारी )। वीर शिरोमणि, महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर शेरकोट मार्ग स्थित राजपूताना रिजॉर्ट से महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के बैनर तले रैली निकाली गई।

रैली का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इन्द्रदेव सिंह, युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह, राजपूताना रिजॉर्ट के स्वामी डॉ. बीके सिंह, हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह, युवा क्षत्रिय नेता सौरभ ठाकुर, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया ने भगवा झंडा लहरा कर किया। रैली में शामिल युवा सबसे आगे हाथों में तलवार लेकर चल रहे थे। उनके पीछे डीजे पर बज रहे महाराणा प्रताप की जीवन गाथा से संबंधित गीतों पर युवक जयकारे लगा रहे थे। रैली में भगवा झंडा लगाए हुए शामिल बाइक, कार, ट्रैक्टर ट्राली पर बच्चे और महिलाएं सवार रहे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह की देखरेख में निकाली गई रैली राजपूताना रिजॉर्ट से जब महाराणा प्रताप चौक पर पहुंची, तो वहां जयकारों के बीच महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांचन किया गया। इसके बाद रैली अपने परंपरागत मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में अनेक स्थानों पर रैली में शामिल युवाओं पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व राजपूताना रिजॉर्ट में आयोजित समारोह में उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को अपने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और देश के लिए कार्य करने की आवश्यकता है।



रैली का शुभारंभ करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी,राणा प्रियंकर सिंह।

# महाराणा का भावपूर्ण स्मरण किया

धामपुर ( चिंगारी )। हंगामा लोक सामाजिक,साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक-उपासना कौशिक, संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक एवं सदस्य सुषमा रस्तौगी, तुलसी जोशी, सृष्टि, खुशी, अनिता, कविता, सार्थक, लक्ष्य आदि द्वारा महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी जोशी द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। राखी, उपासना ने बताया कि महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं थे, बल्कि स्वाभिमान, साहस, त्याग और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण के प्रतीक थे। तुलसी जोशी ने बताया कि महाराणा प्रताप ने कठिन परिस्थितियों में भी कभी अपने आत्मसम्मान और स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा वीर वही है जो सत्य, धर्म और अपने देश की रक्षा के लिए हर संघर्ष का सामना करे।

# दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 212वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

धामपुर ( चिंगारी )। सुसंसकारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 212वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर संस्थान के प्रधान कार्यालय पर आयोजित किया गया। शनिवार की शाम शिविर का उद्घाटन सतीश सिसोदिया एवं पंकज दक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में डॉ अंशिका भारद्वाज ने 65 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरण की गई। कैंप में सभी जांचें नाम मात्र रुपए में कराई गई हैं। शिविर में 'पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किए गए। शिविर को सफल बनाने में गौरव सिंह, साहिल, अखिलेश, पंकज, गौरव, हिमांशु, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान रहा।

# दरोगा द्वारा महिला से छेड़छाड़ का मामला पहुंचा महिला आयोग

## पुलिस ने जांच रिपोर्ट एसपी को भेजी

धामपुर ( चिंगारी )। मोहल्ला लोहियान क्षत्रिय नगर स्थित पानप दास समाधि स्थल पर 5 मई की रात धामपुर कोतवाली में तैनात एस आई ब्रह्मपाल गिरी द्वारा वहां रहने वाली महिला से छेड़छाड़ के बाद हुई मारपीट के मामले में पुलिस के हाथ लगी सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग में कई अहम सुराग मिलने का दावा किया जा रहा है। वहीं पीड़ित महिला ने शनिवार को बिजनौर पहुंचकर महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन से मुलाकात कर पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उधर, पुलिस द्वारा विभागीय जांच पूरी कर उसकी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेज दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 5 मई को क्षत्रिय नगर स्थिति महंत पानप दास समाधि स्थल पर कमरा किराए पर लेकर रहने वाले धामपुर कोतवाली में तैनात दरोगा ब्रह्मपाल गिरि तथा समाधि स्थल पर रहकर खेती-बाड़ी करने वाले परिवार की महिला के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि रात के अंधेरे में दरोगा द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया था जिसके बाद महिला के पति और परिवार के अन्य लोगों ने दरोगा के साथ मारपीट कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में महिला के पति ओमवेश और देवर राहुल के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया था। शनिवार को पीड़िता महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन से मिलने बिजनौर पहुंची, जहां उसने अपने साथ हुई घटना और कथित पुलिस उत्पीड़न की जानकारी उन्हें दी। महिला आयोग सदस्य संगीता जैन ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बिजनौर और क्षेत्राधिकारी धामपुर से फोन पर वार्ता कर निष्पक्ष जांच कराने तथा पीड़ित परिवार को अनावश्यक रूप से परेशान न करने के निर्देश दिये।

### सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में छिपे हैं राज

उधर, सूत्रों का दावा है कि समाधि स्थल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कई वीडियो फुटेज पुलिस के हाथ लगी हैं, जिनमें कुछ संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने की बात कही जा रही है। सूत्रों के अनुसार इस वीडियो फुटेज में कई चौंकाने वाले राज हैं, जिसके बाद विभागीय कार्रवाई हो सकती है। बताया जाता है कि जांच रिपोर्ट एस पी बिजनौर को भेज दी गई है, जिसमें वीडियो फुटेज से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियों का उल्लेख किया गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्रवासियो में उत्सुकता बनी हुई है। सीओ अभय पांडेय का कहना है कि जल्द ही पूरे प्रकरण का पटाक्षेप कर दिया जाएगा। महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर जांच कर निष्पक्ष कार्यवाही नहीं हुई, तो मामला महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष तक ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा ने शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिया है। संगीता जैन के अनुसार इस प्रकरण से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण वीडियो भी उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध कराए गए हैं। इस प्रकरण में भाजपा के जिला महामंत्री दिनेश सैनी ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी तथा पुलिस अधीक्षक बिजनौर से मुलाकात की। उनके साथ भूपेंद्र सैनी,मुकुल सैनी, संदीप सैनी आदि भी शामिल रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया मातृ दिवस

धामपुर ( चिंगारी )। M.K.D children Academy Sr. Sec School Dhampur में मातृ दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन माताओं के नि:स्वार्थ प्रेम और त्याग को सम्मान देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित व सरस्वती माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा माताओं को समर्पित गीत, नृत्य, भाषण आदि प्रस्तुत किये। सभी माताओं के लिए मनोरंजन खेल और गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. लाल बहादुर रावल व मैनेजर डॉक्टर रश्मि रावल ने सभी माताओं को मातृ दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने मां के जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों के जीवन को संवारने में उनकी भूमिका को सराहा। सभी माताओं को सम्मान के रूप में पुरस्कार वितरित किये। उनमें से एक को Super Mother के ताज से नवाजा गया।



# मां का प्यार और त्याग जीवन की सबसे अनमोल शक्ति

## भारत स्वरूप एकेडमी में मनाया गया मदर्स डे

धामपुर ( चिंगारी )। नहटौर-धामपुर मार्ग पर मीमला में स्थित भारत स्वरुप एकेडमी में मदर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. जैनव हिमाली बीयूएमएस गायनेकोलॉजी, धामपुर द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में छात्र/छात्राओं की माता ऐश्वर्या चौधरी, रेशु, ललीता, वंशिका चौहान, निधि, मीनाक्षी, रीता, रिंकी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि मां का प्यार, त्याग और स्नेह हमारे जीवन की सबसे अनमोल शक्ति है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम व्यक्त करते हुए सुन्दर कार्ड बनाए, कविताएं प्रस्तुत कीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों के उत्साह से भाग लिया और माताओं की मुस्कान ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना यादव ने सभी माताओं को मदर्स डे में उनके अमूल्य योगदान के प्रति सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इसी प्रेम और सम्मान को व्यक्त करने के लिए हमारे विद्यालय में मदर्स डे बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में परवेन्द्र कुमार, यश चौहान गोल्डी, मोनिका चौहान, रुमा चौहान, यश कुमार शर्मा, स्वाति, अर्चना गुप्ता आदि का योगदान रहा।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि महिलाएं।

# दुर्गा पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस

धामपुर ( चिंगारी )। दुर्गा पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने गीत, नृत्य, भाषण तथा हस्तनिर्मित कार्डों के माध्यम से माताओं के प्रति अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से मां के महत्व, त्याग, प्रेम और स्नेह को दर्शाया। विद्यालय की प्रबंधक सुप्रिया राजपूत ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती उत्साहपूर्वक मनायी

## वक्ताओं ने कहा- महाराणा का जीवन राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और सनातन संस्कृति की अमर प्रेरणा






**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला मुख्यालय पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर इंदिरा बाल भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और सनातन धर्म की रक्षा के प्रतीक थे। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

कार्यक्रम में वीरता, स्वाभिमान और सनातन संस्कृति की अदभुत छटा देखने को मिली। इस विशाल आयोजन का नेतृत्व वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रसिक सिंह चौहान तथा करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य अतिथियों ने भाग लेकर महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी राम विशाल दास महाराज, स्वामी अरुण कृष्ण महाराज, शेर सिंह राणा, राजीव सिसौदिया, विधायक उमेश कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, आयुष चौहान, धीरेंद्र प्रताप सिंह, रविपाल सैनी एवं अंशुल आर्य सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे।

मंचीय कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया। वक्ताओं ने युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने और सनातन धर्म एवं राष्ट्रहित की रक्षा के लिए संगठित रहने का आह्वान किया। इसके उपरांत इंदिरा बाल भवन से एक विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जजी चौक, रोडवेज और सिविल लाइन होते हुए शक्ति चौक स्थित महाराणा प्रताप वाटिका पहुंची। शोभायात्रा में क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ सर्वसमाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में क्षत्रिय समाज के युवकों ने शस्त्र चलाकर शौर्य का प्रदर्शन किया। धर्मध्वज, आकर्षक झांकियों और राष्ट्रभक्ति के उदघोषों से पूरा शहर महाराणा प्रताप की वीरता के जयघोष से गूंज उठा।

## हल्दौर में भी धूमधाम से मनायी गई महाराणा प्रताप जयंती



**हल्दौर ( चिंगारी )।** वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती यहां रेलवे फाटक के पास स्थित महाराणा प्रताप चौक पर हर्षोल्लाष के साथ मनाई गई। महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के तत्वाधान में महाराणा प्रताप की मूर्ति व चित्र पर मल्यार्पण कर हवन पूजन का आयोजन किया गया। हवन-पूजन पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज द्वारा सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने हवन में सामग्री की आहुति दी। हवनोपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि महाराणा प्रताप को घास की रोटियां स्वीकार थी, पर गुलामी नहीं। कार्यक्रम में टीकम सिंह, अशोक चौहान, ठाकुर संजीव कुमार बैस, दुष्यंत चौहान, रामौतार सिंह, सभासद राजीव चौहान, महेश कुमार, पीयूष राजपूत, देवेंद्र सिंह आर्य, दीपक चौहान चानू, राजू, गौरव चौहान गोल्डी, सोनू चौहान, पीयूष चौहान, राजेंद्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह नरूका, बाबू सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, जितेंद्र सिंह, यशवीर सिंह, विशाल चौहान, लवी चौहान, रजनीश कुमार, राजेश चौहान, शिशुपाल सिंह, कृष्ण कुमार हिरदेश कुमार व लाल बहादुर आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल ने जीती बास्केटबॉल प्रतियोगिता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि बिजनौर जनपद की दो दिवसीय 16 वर्ष तक के बालकों की ज़िला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन बिजनौर पब्लिक स्कूल, बिजनौर में हुआ। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर ज़िला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद भी जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है। इस अवसर पर बिजनौर पब्लिक स्कूल के संस्थापक मैनेजर महेंद्र सिंह एवं प्राचार्य विकास त्यागी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर ने आर आर मोरारका पब्लिक स्कूल, नजीबाबाद को 59 के मुकाबले 37 अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा



विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट करते हुए साकेन्द्र प्रताप सिंह।

सेंट मेरिज स्कूल, नजीबाबाद ने सेंट मेरिज इंटर कॉलेज, नूरपुर को 46 के मुकाबले 37 अंकों से परास्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रशांत डबास, प्रशांत छिल्लर, हेमन्त त्यागी, शशांक दिवाकर, उर्वशी, मनस्वी, शताक्षी एवं महक आदि ने निर्णायकों की भूमिका का सफलता पूर्वक निर्वहन किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल त्यागी ने किया।


मुख्य अतिथि को बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में बिजनौर बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारी आदेश दाहिया उर्फ मोनू, अजय वत्स, विशाल चौधरी, गोपाल त्यागी आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर रिंकू प्रधान, राहुल इंजीनियर, ऋतिक त्यागी एवं अनुज भी उपस्थित रहे।

# डीएसएम ग्रुप के संस्थापक विजय कुमार गोयल का निधन

## 86 साल की उम्र में फ्रेंड्स कॉलोनी दिल्ली स्थित आवास पर अंतिम सांस ली

### शुगर उद्योग में शोक व्याप्त

बिजनौर/नई दिल्ली (चिंगारी)। उत्तर भारत के 'शुगर किंग' कहे जाने वाले धामपुर शुगर मिल्स (डीएसएम) ग्रुप के संस्थापक कुंवर विजय कुमार गोयल का आज पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे फ्रेंड्स कॉलोनी दिल्ली स्थित आवास पर निधन हो गया। वह लगभग 86 वर्ष के थे। उनके निधन से शुगर उद्योग में शोक की लहर दौड़ गई।



धामपुर बायो आर्गेनिक प्रा.लि. के डायरेक्टर संदीप कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुंवर विजय कुमार गोयल पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। आज लगभग 11:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से डीएसएम ग्रुप सहित देश के समस्त चीनी उद्योग में शोक व्याप्त हो गया।

कुंवर विजय कुमार गोयल को शुगर इंडस्ट्री का 'भीष्म पितामह' कहा जाता था। उन्होंने अपनी उद्यमशीलता का परिचय देते हुए धामपुर शुगर मिल का विस्तार किया। एक शुगर मिल से शुरूआत कर देश को 5 शुगर मिल दीं। विजय कुमार गोयल को देश में शुगर इंडस्ट्री में नई टेक्नोलॉजी लाने का श्रेय प्राप्त है। उन्होंने डीएसएम ग्रुप को नये आयाम दिये। उनकी लगन, मेहनत, मेधा और उद्यमशीलता के कारण डीएसएम ग्रुप देश ही नहीं तमाम दुनिया में अपनी पहचान रखता है। पिछले साल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजय कुमार गोयल को लाइव टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया था। चिंगारी परिवार कुंवर विजय कुमार गोयल की आत्मा की शांति के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है।

### बच्चों से विशेष लगाव रहा

कुंवर विजय कुमार गोयल को बच्चों से विशेष लगाव था। उन्होंने अपनी शुगर इकाइयों में पुष्प निकेतन के नाम से बच्चों के स्कूल स्थापित किये, जिनमें उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। श्री गोयल की खेलों में भी विशेष रूचि थी। विशेष रूप से उन्होंने स्क्वैश के कोर्ट बनवाये और उनमें शुगर मिल के श्रमिकों के होनहार बच्चों को प्रशिक्षित किया। आज कई युवा स्क्वैश में डीएसएम ग्रुप और भारत देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन कर रहे हैं।

### मानवीय पहलुओं को तरजीह दी

संदीप शर्मा ने कुंवर विजय कुमार गोयल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि श्री गोयल एक संवेदनशील एवं दूरदर्शी उद्यमी थे। उन्होंने मशीनीकरण के साथ-साथ मानवीय पहलुओं को भी तरजीह दी। हजारों युवाओं को रोजगार दिया। डीएसएम परिवार के मुखिया और अभिभावक के रूप में उन्होंने सभी श्रमिकों और मिल अधिकारियों को अपने स्नेह की धारा से सिंचित किया। कुछ साल पहले डीएसएम दो समूह डीएसएम व धामपुर बायो आर्गेनिक प्रा.लि. में विभाजित हुई, लेकिन कुंवर विजय कुमार गोयल का स्नेह व आशीर्वाद समूचे डीएसएम परिवार को मिलता रहा।

### अंजान व्यक्ति को एक किडनी डोनेट कर दी थी

**संदीप शर्मा ने बताया कि विजय कुमार गोयल की छत्रछाया में हजारों परिवारों को न केवल रोजगार मिला, बल्कि उन्होंने सैकड़ों युवाओं का मार्गदर्शन भी किया। उनकी संवेदनशीलता की पराकाष्ठा यह रही कि एक बार हैदराबाद में वे किसी अंजान व्यक्ति को अपनी एक किडनी डोनेट कर आये थे।**

# दबंग ने युवती के चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी

## पीड़ित परिवार पलायन करने को मजबूर

**पैजनिया (चिंगारी)। गांव के एक बेहद गरीब परिवार की युवती ने अपने ही मौहल्ले के एक अधेड़ पर तेजाब (एसिड) से चेहरा जलाने की धमकी देने सहित कई गम्भीर आरोप लगाते हुए सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने आरोप लगाया कि गांव के अवनीश पुत्र नरदेव ने 26 अप्रैल 2026 को उसे व उसकी मां को गालियां देते हुए घर से खींचने का प्रयास किया। साथ ही चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दी। युवती ने डायल 112 के साथ ही हल्दौर थाने में भी शिकायत की, परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिससे हताश होकर उसके परिवार को पलायन करने को मजबूर होना पड़ा है। साथ ही दबंगों की हरकतों के कारण अपना मकान बेचने को भी मजबूर है। अपने टूटे-फूटे मकान पर ताला लगाकर परिवार किसी सुरक्षित स्थान पर चला गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक हल्दौर किशन अवतार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है, आवश्यक जांच कर कार्रवाई की जा रही है।**



युवती का बंद मकान

# आरके इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे पर हुआ भव्य कार्यक्रम



**किरतपुर (चिंगारी)।** आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर एक बहुत ही सुंदर कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रांगण में कराया गया है। इस पवित्र अफसर पर नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के अभिभावकों को सम्मानपूर्वक विद्यालय में बुलाया गया और उन्हें बच्चों द्वारा फूलों की बुके देकर सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए गए। जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने नृत्य की बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी और सीनियर विंग के विद्यार्थियों ने भी मदर्स डे पर नृत्य के द्वारा मां की अनुभूति प्रस्तुत की। स्कूल के प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल एम.डी. दर्शित अग्रवाल व प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने सभी विद्यार्थियों की सराहना की। बड़े बच्चों ने अपनी गायकी से सबका मन मोह लिया। प्रधानाचार्य द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया गया और उन्होंने मां को सबसे महान बताया। उन्होंने कहा कि माँ प्यार का सागर है, माँ पृथ्वी पर दूसरा भगवान है, माँ जीने की आत्मा है। वह खुशनसीब हैं जिनके पास माँ हैं, सभी को अपनी माँ का सम्मान करना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापकों का पूर्ण सहयोग रहा।

# आरजेपी में अभिभावक-शिक्षक संघ का गठन



**बिजनौर (चिंगारी)।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार के संचालन में आरजेपी अभिभावक संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पहली बार सैकड़ों की संख्या में छात्रों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक संघ स्कूल और माता-पिता के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए मिलकर काम करते हैं। यह संघ माता-पिता को स्कूल की नीतियों, बच्चों की जरूरतों और उनकी प्रगति के बारे में सूचित रखने के साथ-साथ एक सहयोगी शैक्षिक माहौल तैयार करने में मदद करता है। बैठक में अनेक अभिभावकों ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शान द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के अनुसार अभिभावक शिक्षक संघ का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष अर्जुन सिंह, उपाध्यक्ष एवं संरक्षक प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ, मंत्री (उपप्रधानाचार्य) बालेश कुमार, उपमंत्री शशिबाला, कोषाध्यक्ष कुमार को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक में उपप्रधानाचार्य बालेश कुमार, सुधांश वत्स, नरेंद्र कुमार, एसपी गंगवार, सुधीर कुमार राजपूत, बृजेश कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, चंद्रहास सिंह, तेजपाल सिंह, भूपेंद्रपाल सिंह, मोहम्मद अनस, करनवीर, रश्मि चौहान, अलका रानी, विनित गहलोत, वाजिद हुसैन, गोपाल त्यागी, शिवकुमार, अमित कुमार, अभय देशवाल, विकास कुमार, विपिन कुमार, शिवम, राजू सिंह, मुन्नू सैनी, मोहम्मद ईशान, गीता देवी, महजबीं, रामगोपाल सिंह, हमेंद्र सिंह, अभिषेक, सलीम अख्तर, फराज नाज, गुलशन, सीमा परवीन, यासमीन, अकलीमा, लोकेश कुमार, ममता, निगहत परवीन, मयंक कुमार, मौ. जुबैर, असद, वाजिद, सविता, सोनिया आदि सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहे। बैठक का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# किसानों ने बैठक में विद्युत समस्या उठाई


**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक नजीबाबाद की मासिक पंचायत वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मदन चैहान की अध्यक्षता एवं मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में बिजली की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया, स्मार्ट मीटर का विरोध किया गया, गेंहू क्रय केंद्र पर किसानों के गेंहू की खरीद सही तरीके से कराने, खराब सड़कों की मरम्मत कराने, नहरों में पानी छोड़ा जाने, गुलदार तेंदुआ से बचाव के उचित प्रबंध किये जाने आदि की मांगें की गई। बैठक में अवनीश कुमार, अजय कुमार, सोनू, अर्जेन्द्र सिंह, अनिल चौहान जिला सचिव, रामेंद्र सिंह, पप्पू, सत्यपाल सिंह, सूरज, योगेन्द्र सिंह पोला, रोहित, सुनील, सत्यम, सोमवीर, बब्बू, साजिद, विजय, बंटी, विजय आदि मौजूद रहे।

# भगवान का दूसरा रूप माँ

## शिक्षक भी बच्चे की दूसरी मां होती है

**–रुचि अग्रवाल, प्रधानाचार्या**

मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग, ममता और सुरक्षा का दूसरा नाम है। बच्चे की पहली शिक्षक, पहली दोस्त और सबसे बड़ी मार्गदर्शक उसकी मां ही होती है। एक बच्चे के जीवन की नींव मां के संस्कारों से तैयार होती है। वह अपने बच्चे को बोलना, चलना, अच्छे-बुरे की पहचान करना और जीवन के संघर्षों का सामना करना सिखाती है। मां का स्नेह बच्चे के व्यक्तित्व को मजबूत बनाता है और उसे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।



कहा जाता है कि भगवान हर जगह नहीं हो सकते, इसलिए उन्होंने मां बनाई। यह कथन मां के महत्व को पूरी तरह दर्शाता है। मां अपने बच्चों की खुशियों के लिए दिन-रात मेहनत करती है, उनकी हर छोटी-बड़ी जरूरत का ध्यान रखती है और बिना किसी स्वार्थ के अपना पूरा जीवन उनके नाम कर देती है। एक मां अपने बच्चे के दर्द को बिना कहे समझ जाती है। उसकी दुआएं बच्चे के जीवन की सबसे बड़ी ताकत होती हैं। मां के साथ-साथ शिक्षक भी बच्चे के जीवन में मां जैसी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय में शिक्षक बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उन्हें अनुशासन, संस्कार, नैतिकता और जीवन के मूल्य भी सिखाते हैं। एक अच्छा शिक्षक अपने विद्यार्थियों को उसी स्नेह और धैर्य से संभालता है जैसे एक मां अपने बच्चे को संभालती है। जब बच्चा स्कूल में होता है, तब शिक्षक उसकी सुरक्षा, उसकी भावनाओं और उसके भविष्य की चिंता करते हैं। इसलिए कहा जाता है कि शिक्षक बच्चे की दूसरी मां होते हैं। आज के समय में बच्चे आधुनिकता और व्यस्त जीवनशैली में इतने खो गए हैं कि वे अपने माता-पिता, विशेषकर मां के त्याग और संघर्ष को भूलते जा रहे हैं। जिस मां ने पूरी जिंदगी अपने बच्चों का सहारा बनकर उन्हें आगे बढ़ाया, वही मां बुढ़ापे में अक्सर अकेलापन महसूस करती है। उम्र बढ़ने के साथ जब मां को सहारे, प्यार और सम्मान की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब बच्चों का सबसे बड़ा कर्तव्य बनता है कि वे उनका साथ दें। बच्चों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता का सम्मान करें, उनकी भावनाओं को समझें और उन्हें कभी अकेला महसूस न होने दें। मां ने बचपन में जिस प्रकार अपने बच्चे की उंगली पकड़कर उसे चलना सिखाया, उसी प्रकार बुढ़ापे में बच्चों को मां का सहारा बनना चाहिए। उनका ध्यान रखना, समय देना, उनकी जरूरतों को समझना और उन्हें प्रेम देना हर बच्चे का नैतिक और मानवीय कर्तव्य है। मदर्स डे केवल एक दिन मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि यह मां के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता को व्यक्त करने का दिन है। सच्चा सम्मान तभी है जब हम अपनी मां को हर दिन खुश रखें, उनका आदर करें और उनके त्याग को कभी न भूलें।

अंत में यही कहा जा सकता है कि मां जीवन का वह अनमोल उपहार है, जिसके बिना जीवन अधूरा है। मां और शिक्षक दोनों ही बच्चे के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए और बुढ़ापे में उनका सहारा बनकर यह साबित करना चाहिए कि उनके संस्कार आज भी हमारे जीवन में जीवित हैं।

(चौपाई)

## मां का दिल



मां तो मेरी साया बनती।
देखो हरपल मुझसे लड़ती।
थामे मेरी बांहें हर पल।
साया बनकर चलती पल-पल।
चरणों में स्वर्ग बसा है।
जीवन मेरा आज सजा है।
बिन बोले ही मुझको जाने।
मन के भावों को पहचाने।
मां की गोदी में सर रखकर।
मैं सो जाती अक्सर थक कर।
जब भी मुझको गले लगाती।
पीड़ा सारी दूर भगाती।
रूठूं तो मां मुझे मनाए।
गुस्सा सारा दूर भगाए।
मीठी-मीठी बातें करती।
मेरे सारे दुःख मां हरती।
प्राण बसे हैं मां के मुझमें।
अपना साया देखूं तुझमें।
कहती मेरा मान बढ़ाना।
हरपल आगे बढ़ते जाना।
प्यार मुझे वो करती इतना।
सागर की गहराई जितना।
मां का दिल है कितना गहरा।
कभी न रहता इसमें पहरा।

**-राखी उपासना कौशिक**
(हंगामा ट्वीएन्स) धामपुर, बिजनौर

## मां तुझे प्रणाम!

सारा जग यूं कहता है, प्रथम गुरु होती है मां।
जीवन का व्यवहारिक ज्ञान, बच्चे को सिखलाती मां।
स्थान गुरु से भी ऊपर, मां परम आदरणीय होती है।
बच्चों को सूखे में रखती , खुद गीले में सोती है।।
फेरती हाथ प्रेम से सिर पर मीठा दूध पिलाती थी।
मधुर-मधुर लोरी गा गाकर, निंदिया में ले जाती थी।।
चुभने पर कांटा बच्चे को पीड़ा मां होती है।
बच्चा जितना रोता है, मां उससे ज्यादा रोती है।।
जीवन धन्य उसी का है, जिसने मां का सम्मान किया।
आशीर्वाद से माता-पिता के, कुल का ऊंचा नाम किया।
होता अति कोमल हृदय मात का, मां का प्रेम निराला है।
मां के कोमल हाथों में, मानो अमृत का प्याला है।।
आठ पुत्र यदि जन्में माता, कभी न लगता भार उसे।
भाग्य विडंबना मां की ऐसी आठों समझे भार उसे।।
वो जाने कद्र मातृ प्रेम की, जिसकी मां गुजर गई बचपन में।
पाने को तरसे झलक प्यार की, जो पाया था मां से बचपन में।।
किन शब्दों में करूं प्रशंसा, किन शब्दों में आभार करूं।
किस वाणी से मैं मन्दमति, मां तुमसे व्यवहार करूं।
सौ बार जन्म लेकर भी मैं चुका न पाऊं मां के ऋण को।
प्रेमाशीष मिले मां का यदि, धन्य बनाऊं जीवन को।।



**-देवेश अग्रवाल**
अनुपम वस्त्रालय, स्कूल रोड, बिजनौर
मो. 9837015246

## ..मां के हैं सब दिन

10 मई मदर डे के रूप में मनाया जाता है ये दिन मां को सम्मान देने और उन्हें विशेष महसूस कराने के लिए मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 10 मई सन् 1908 अन्ना जार्विस ने अपनी मां की याद में की लेकिन मां कोई ऐसी नहीं कि उसका बस एक दिन सीमित हो मां तो सब दिन है और हम सबके सब दिन मां से हैं। मां का आदर-सम्मान हमेशा करना चाहिए किसी खास दिन नहीं। एक मां का आंचल अपनी संतान के लिए कभी छोटा नहीं पड़ता मां का प्यार अपनी संतान के लिए इतना गहरा और अटूट होता है। मां अपने बच्चों के लिए सारी दुनिया से एक योद्धा की तरह लड़ सकती है। मां का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। मां बिना ये जीवन, हमारी दुनिया अधूरी है। कहा जाता है भगवान हर जगह नहीं हो सकते, इसलिए उन्होंने मां बनाई। मां तेरी मुस्कान मेरा सबसे बड़ा खज़ाना है। मदर्स डे माताओं के त्याग और समर्पण को पहचानने और उनकी सराहना करने का अवसर प्रदान करता है। मां ही पहली गुरु होती है जो हमें प्यार और संस्कार देती है। हमारी हर परेशानी में हमारे साथ एक चट्टान की तरह खड़ी होती है और हमारी खुशी में सबसे ज़्यादा खुश मां ही होती है। हम सबको अपनी माताओं का किसी एक विशेष दिन नहीं हमेशा उनका आदर सम्मान करना चाहिए। शायर मनव्वर राणा का एक शेर 'अभी ज़िंदा है मेरी माँ मुझे कुछ नहीं होगा' मैं घर से जब निकलता हूं दुआ भी साथ चलती है।



**-डॉ. सकलैन हैदर सहसपुर**

# नगीना में उत्साहपूर्वक मनायी गई महाराणा प्रताप जयंती




महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में मंचासीन अतिथि।




महाराणा प्रताप की झांकी के साथ भूपेंद्र चौहान व अन्य व्यक्ति।

## विचार गोष्ठी के बाद निकाली भव्य शोभायात्रा

**नगीना ( चिंगारी )।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर क्षत्रिय राजपूत समाज के तत्त्वाधान में नगर के मुख्य मार्ग पर भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के बताए रास्तों पर चलने का आव्हान किया।

शनिवार को धामपुर मार्ग स्थित ब्लॉक प्रमुख पति ठाकुर विकास राजपूत के प्रतिष्ठान पर महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी, ब्लॉक प्रमुख पति ठाकुर विकास राजपूत, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलोत, जगदीश चंद्र ,माला देवी एवं समस्त मंचासीन अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में सभी ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से लोगों को समझाया तथा समाज के लोगों से संगठित होने का आवाहन किया। इसके बाद शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी द्वारा भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, ठाकुर विकास राजपूत आदि की मौजूदगी में ध्वज लहराकर भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में काफी संख्या में राजपूत समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से हुए हिंदू इंटर कॉलेज के पास पहुंचकर संपन्न हो गई। इस मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, रितिक चौहान, तिलकराज चौहान, सुधीर राणा, धर्मेश चौहान, सतीश चौहान, डॉ.भूपेश चौहान, डॉ. दिनेश चौहान, सुशील चौहान, आमोद चौहान, राजवीर सिंह, पुखराज सिंह, लोकेंद्र चौहान, भूपेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# दिगंबर सिंह का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया



दिगम्बर सिंह के जन्मदिन पर केक काटते हुए राजू।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी चौधरी दिगंबर सिंह के जन्म दिवस को यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए आश्रमों में दिव्यांग एवं बेसहारा बच्चों को भोजन एवं फल वितरण किये तथा गौशालाओं में पहुंचकर गौवंश के लिए गुड़ व हरा चारा उपलब्ध कराया। चौधरी दिगंबर सिंह के जन्म दिवस पर विशेष कार्यक्रम नजीबाबाद स्थित प्रेमधाम आश्रम में हुआ, जहां संगठन के कार्यकर्ताओं ने राजू सैनी से केक कटवाकर आश्रम में मौजूद दिव्यांग, अनाथ व बेसहारा बच्चों को भोजन एवं फल वितरित किए। गौरतलब है कि बालक राजू सैनी जनपद के बढ़ापुर का निवासी है। मार्च 2025 में उसके परिवार के सभी सदस्यों की मृत्यु हो जाने पर वह अनाथ एवं बेसहारा हो गया था, तब किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने अपनी धर्मपत्नी के साथ बढ़ापुर पहुंचकर राजू को अपना लिया था। राजू मानसिक रूप से कमजोर है, इसलिए उसे शिक्षित करने के लिए प्रेमधाम आश्रम और संत जोसेफ हाईस्कूल दोदराजपुर में विशेष शिक्षा प्राप्त कराने के लिए प्रवेश दिलाया गया है। विदुरकुटी आश्रम में भी वृद्ध लोगों को कार्यकर्ताओं ने भोजन वितरण कराया। वहीं दूसरी ओर संगठन के कार्यकर्ताओं ने जनपद की तमाम गौशालाओं में पहुंचकर गौवंश को हरा चारा व गुड़ खिलाकर सेवा की। इस अवसर पर चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा की सभी को अपनी खुशियों को सेवा के कार्य में बांटना चाहिए।

**चौ. दिगम्बर सिंह ने कहा कि जनपद के किसानों और संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा के माध्यम से जो उपहार मुझे दिया गया है, वह मेरे लिए अनमोल है। मुझे खुशी है कि राजू सैनी को जो दिशा देने की कोशिश की गई है, वह सफलता की ओर बढ़ रही है और राजू अब बहुत खुश है। उसकी शैक्षिक और मानसिक योग्यता लगातार बढ़ रही है। प्रेमधाम आश्रम में पहुंचकर राजू संग कुलबीर सिंह, पुनीत चौहान, धीर सिंह, नजर मोहम्मद, बृजपाल सिंह, अर्पण, लोकेंद्र सिंह, राजवीर सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने केक काटकर चौधरी दिगंबर सिंह की दीर्घायु की कामना की।**

## बिजनौर से पैदल चलकर किरतपुर पहुंचे जैन मुनि का भव्य स्वागत

**किरतपुर ( चिंगारी )।** साधु धर्म होता है और श्रावक भी धर्म होता है। जब दोनों धर्म मिलते हैं तब ज्ञान की गंगा बहती है। उक्त विचार श्रमण मुनि 108 श्री विवृत सागर जी ने श्री आदिनाथ दिगम्बर पंचायती मंदिर में सभा को संबोधित करते हुए प्रकट किये।

बिजनौर से पैदल चलकर किरतपुर पहुंचे मुनि श्री 108 विवृत सागर जी महाराज और श्री विश्वार्थ सागर जी का जैन समाज द्वारा बस स्टैंड पर बैंड बाजे और जयकारे के साथ भव्य स्वागत किया गया। रास्ते में अनेक स्थानों पर मुनि श्री का पाद प्रक्षाल एवं आरती कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में बिजनौर एवं नहटौर जैन समाज के अतिरिक्त अनिल जैन, सुनील जैन, रोहित जैन, अविनाश जैन, संजय जैन, हनी जैन, गौरव जैन, आकाश जैन, हर्षवर्धन जैन, दीपक जैन, अरविंद जैन, निश्चल जैन, अभिषेक जैन, अरिहंत जैन, प्रदीप जैन, यतेंद्र जैन, आदी जैन, सविता जैन, रजनी जैन, कुमकुम जैन, मंजू जैन, शालिनी जैन, शैली जैन, अंशु जैन, नैंसी जैन, तनु जैन, इंदु जैन, सहित काफी संख्या में पुरुष महिलाएं एवं बच्चे मुनि श्री का जयघोष करते हुए चल रहे थे।

# ओमवती देवी को नगीना में दी गई अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

**नगीना ( चिंगारी )। पूर्व मंत्री ओमवती का शव शनिवार की दोपहर उनके नगीना स्थित आवास पर पहुंचा तो सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए अंतिम विदाई दी।**



पूर्व मंत्री ओमवती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोग।

पूर्व मंत्री ओमवती की अंतिम यात्रा बिजनौर से होते हुए जब नगीना के मंडी मौलगंज स्थित उनके आवास पर पहुंची तो वहां पहले से मौजूद सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों की आंखें नम हो गई। एंबुलेंस से कांग्रेस के झंडे में लिपटे ओमवती के शव को जब नीचे उतारा गया तो माहौल गमगीन हो गया। ओमवती के जाने से बेहद दुखी हो रहे उनके पति व सेवानिवृत आईएएस आरके सिंह व पुत्र वधु कांग्रेस जिला अध्यक्ष हेनरिता व पुत्र राजीव सिंह को लोगों ने ढांढस बंधाया। इस मौके पर करीब आधा घंटे तक लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर शव रख रहा। चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष शेख मोहम्मद अंजार,अरशद प्रिंस,समाजसेवी साहू संतोष कुमार अग्रवाल, राकेश मिश्रा एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ खा,भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजीत अग्रवाल, भाजपा नेता रोहित रवि, डॉ.भूपेश चौहान,विकास गुप्ता विक्की,वरिष्ठ कांग्रेस नेता काज़ी अरशद मसूद, काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम, इरशाद मुल्तानी, रईस अहमद कुरैशी, सैयद आसिफ अली,संजीव चौधरी एडवोकेट, सिद्धिक मुल्तानी सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद अंतिम यात्रा अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक गांव के लिए रवाना हो गई।

# फ़र्ज़ी दान-पत्र बनाकर विधवा की सम्पत्ति हड़पने के आरोप में दो गिरफ़्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** फर्जी दानपत्र तैयार कर विधवा की संपत्ति हड़पने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मोहल्ला चौधरियान निवासी पीड़िता अचला पत्नी स्व. हेमंत कुमार उर्फ अमरजीत ने 28 जनवरी को शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया था कि उसकी नगर पालिका रिकॉर्ड में दर्ज संपत्तियों पर लंबे समय से पड़ोसियों की नजर थी। पीड़िता के अनुसार मोहल्ला निवासी सुखेन्द्र सिंह पुत्र भीम सिंह तथा उसकी पत्नी रमा देवी ने एक कथित भूमाफिया के साथ मिलकर साजिश रची। आरोप है कि वर्ष 2023 में उसकी संपत्ति



के कुछ हिस्सों के फर्जी दानपत्र तैयार कराकर उन्हें सब रजिस्ट्रार कार्यालय में दर्ज करा लिया गया।

पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने झूठे और मनगढ़ंत शपथ पत्र नगर पालिका परिषद में प्रस्तुत कर संपत्ति अपने नाम दर्ज करा ली। मामले की जानकारी होने पर उसने नगर पालिका परिषद में शिकायत दर्ज कराई।

जांच के दौरान प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी पाए गए, जिसके बाद 17 अक्टूबर 2025 को नगर पालिका ने दोबारा संपत्ति रिकॉर्ड में पीड़िता का नाम दर्ज कर दिया। जिस पर 16 नवंबर 2025 को आरोपियों ने जबरन पीड़िता के घर में घुस कर गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सुखेन्द्र सिंह, उसकी पत्नी रमा, आनंद निवासी मोदीनगर जनपद गाजियाबाद, रामपाल पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम तीबड़ी शहर कोतवाली तथा ऊषा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुखेन्द्र सिंह पुत्र भीम सिंह तथा रामपाल पुत्र रघुवीर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# गौकशी रोकने में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन दरोगा सहित छह पुलिसकर्मी निलम्बित

**बिजनौर (चिंगारी)।** गौकशी की घटनाओं को रोकने में अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई न करने और कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर एसपी ने कड़ा रुख अपनाया है। नजीबाबाद व हीमपुर दीपा थानों में तैनात तीन दरोगा सहित छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।



एसपी श्री अभिषेक झा

थाना नजीबाबाद में तैनात उपनिरीक्षक देवी प्रसाद गौतम, मुख्य आरक्षी ब्रजेश कुमार तथा थाना हीमपुर दीपा में तैनात उपनिरीक्षक जगत सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार व सिपाही राहुल कुमार को निलंबित किया है।

बताया गया कि इन पुलिसकर्मियों पर गौकशी जैसी गंभीर घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई न करने, उदासीनता बरतने के आरोप हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने तत्काल कार्रवाई की।

एसपी अभिषेक झा ने जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए जो विधि के प्रतिकूल हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कानून के विपरीत कार्य संज्ञान में आता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# इकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में मनाया गया मदर्स डे

**स्योहारा (चिंगारी)।** इकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर सबसे पहले जबलपुर में हुए हादसे पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा.सादिया ने अपने शब्दों में कहा कि मां को शब्दों में बांधा नहीं जा सकता है। मां की महिमा अपरंपार है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों के अंदर छिपी हुई कलात्मक एवं रचनात्मक प्रवृत्ति का विकास होता है। मां जीवन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए हम सभी को माताओं का सम्मान करना चाहिए और महिलाओं के सम्मान के लिए हम सभी को हमेशा तैयार रहना चाहिए। इस मौके पर प्रबंधक हाफ़िज़ अहमद अली, अंजुम परवीन, सदफ अली आदि मौजूद रहे।



# भुइयार समाज के मेधावी होंगे सम्मानित

**बिजनौर (चिंगारी)।** भुइयार एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी की बैठक कुटिया कॉलोनी स्थित संगठन के कार्यालय पर अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के महामंत्री केशव शरण ने समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि इस बार और भी भव्य तरीके से समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में हुए सम्मान समारोह के सार्थक परिणाम आए हैं। कई प्रतियोगी परीक्षाओं में समाज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन किया है। संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भुइयार ने कहा कि अच्छी शिक्षा के माध्यम से समाज व राष्ट्र का विकास किया जा सकता है। उन्होंने संगठन के सभी सदस्यों को गांव-गांव जाकर विद्यार्थियों को जागरूक करने पर जोर दिया। विद्यार्थियों के सम्मान समारोह के लिए मनोज कुमार, मास्टर ज्ञान सिंह भुइयार,कामेंद्र सिंह, पंकज जायसवाल की देखरेख में अनुशासन समिति का गठन किया गया। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट तथा खेल में अन्य क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सर्वसम्मति से जून के दूसरे सप्ताह में सम्मान समारोह करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संदीप कुमार भुइयार,सुनील सिंह, अनिल भुइयार, टीकम सिंह, नरेन्द्र सिंह भोले, राहुल सिंह, तेजपाल सिंह, उमेश सिंह, गिरिराज सिंह, अमित कुमार,संदीप सिंह, कामेंद्र सिंह, पंकज जयसवाल आदि ने विचार रखे।

# शिक्षक सौरभ कुमार अस्थायी रूप से दूसरे विद्यालय में स्थानान्तरित

## बच्चों ने बीएसए कार्यालय पर किया था प्रदर्शन

**नहटौर (चिंगारी)।** कंपोजिट विद्यालय मीमला मुस्तफाबाद में शिक्षक हटाने को लेकर चल रहे विवाद में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने अस्थायी तौर पर सहायक शिक्षक सौरभ कुमार को महुआ स्थित विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया है। अग्रिम करवाई जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी।

बता दें कि कंपोजिट विद्यालय मीमला मुस्तफाबाद में ग्राम प्रधान और सहायक शिक्षक सौरभ कुमार के बीच आपसी मतभेद था। शिक्षक को हटाने के लिए बीआरसी पर भी प्रदर्शन किया गया था। सौरभ कुमार पर छात्रों को पीटने का आरोप लगाया गया था। मामले में कार्रवाई न होने पर शुक्रवार को ग्राम प्रधान, छात्र और अभिभावक बेसिक शिक्षा कार्यालय पहुंचे थे, जहां पर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने शिक्षक को हटाने की मांग की थी। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सहायक शिक्षक सौरभ कुमार को अस्थाई तौर पर महुआ स्थित विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# जीटीबी स्कूल में हुई विज्ञान प्रतियोगिता

**नूरपुर (चिंगारी)।** यहां धामपुर रोड स्थित गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चारों हाउस के कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सुभाष हाउस से हिताशी, अभी, धैर्य, भूमि, आरुष, ध्रुव, नक्श, दिया, तन्वी, यथार्थ, आदर्श ने सबसे सही जवाब दिये। गांधी हाउस से अमायरा, हुमैरा, हंसिका, युग, मानव, बिलाल, मयंक, ईशप्रीत ने सबसे सही जवाब दिये। टैगोर हाउस से ईशान्वी, माधव, गर्वित, विराज, वेदांत, भव्या, आरुष, कृति, पार्थ, प्रज्ञा, मायरा, सिदरा, मिशा, सत्यम, कार्तिक, रवनीक, इशांक,पवन ने सबसे सही जवाब दिये।

भगत सिंह हाउस से सिमरा, शौर्य, आव्या, आरुषि, अफान, अभिनव, धैर्य, स्पर्श ने सबसे सही जवाब दिये तेज हाउस से आरव, मयंक, दर्श, विश्वास, आहिल, मानव, आदित्री, असद, मानवी, धैर्य,



जीटीबी स्कूल में प्रश्नोत्तरी में भाग लेते बच्चे।

कोहिनूर, अभिनव, अक्षत, जीशान, अफान, तन्वी, रोनित ने सबसे सही जवाब दिये। विज्ञान प्रश्नोत्तरी का परिणाम इस प्रकार रहा- प्रथम स्थान पर टैगोर हाउस द्वितीय स्थान पर तेज हाउस और तृतीय स्थान पर सुभाष हाउस रहे।

प्रतियोगिता का संचालन कोऑर्डिनेटर श्री दीपक कुमार ने किया। अंशुल गोयल, एंव अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# भाजपा नेताओं के यहां हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा

## पुलिस ने दो आरोपियों को सामान सहित थामा



**हल्दौर ( चिंगारी )।** थाना पुलिस ने भाजपा नेताओं के यहां हुई चोरियों का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तो गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से चोरी किया हुआ सामान व चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण आदि बरामद करने का दावा किया हैं।

मालूम हो कि गत 27 अप्रैल की रात्रि को भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक चौहान चानू की नूरपुर मार्ग पर स्थित गाड़ियों की वर्कशॉप के ताले तोड़कर और वर्कशॉप में रखे इन्वर्टर बैटरे, सीसीटीवी कैमरो की डीवीआर और वर्कशॉप के टूल्स आदि सामान चोरी कर लिया गया था। जिससे थाना पुलिस में हड़कंप मच गया था। इससे पूर्व 2 मार्च की रात्रि को चोरों ने यहां ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित भाजपा नेता व नगर पालिका परिषद के सभासद वरुण अग्रवाल के बैंकट हॉल से जनरेटर का अल्टीनेटर व उसका कीमती तार चोरी कर लिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना पुलिस ने उक्त दोनों चोरियों का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों अबरार व अरबाज निवासीगण आदोपुर उर्फ आदमपुर रसूलपुर पिरथी थाना कोतवाली शहर बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से चोरी किए हुए केबिल को जलाकर निकाला हुआ 11 किलोग्राम तांबे का तार, दो सोलर बैटरियां, एक क्षतिग्रस्त डीवीआर, ताला काटने का कटर, चोरी की घटनाओ में प्रयुक्त अन्य उपकरण, पीछे ट्रॉली लगी एक मॉडिफाइड मोटरसाइकिल व नट बोल्ट खोलने के उपकरण बरामद करने का दावा किया हैं।

# स्वगणना के बारे में बताया मोबाइल से डेमो करके दिखाया



**हल्दौर ( चिंगारी )।** जनगणना 2027 के अंतर्गत ब्लॉक कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी कर्मचारियो व क्षेत्रवासियों को स्वगणना के बारे में विस्तार से बताया गया और डेमो करके भी दिखाया गया। ब्लॉक कार्यालय के डबाकरा हॉल में ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह व बीडीओ सीपी पांडे ने स्वगणना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि स्वगणना के लिए किस प्रकार से पंजीकरण करना है और किस प्रकार से मुखिया का चयन करना हैं। उन्होंने बताया कि स्वगणना की प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत एक नंबर स्वगणना पहचान संख्या प्राप्त होगा। जिसको अपने पास सुरक्षित रखकर जनगणना करने घर आने वाले कर्मचारियों को बताना होगा। बैठक में स्वगणना का मोबाइल से डेमो करके भी दिखाया गया। बैठक में एडीओ पंचायत सुशील कुमार, एडीओ एसटी अरेंद्र कुमार, पंचायत सचिव संजीव कुमार, नईम अहमद, नगमा परवीन, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंकुर बामियान, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पंकज सिद्धार्थ, पशु चिकित्साधिकारी हल्दौर डॉ अनुराग चौधरी, अशोक प्रधान, मनोज चौधरी, परमेंद्र सिंह, मनोज कुमार, धर्मेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नफीस अहमद, मनीष कुमार, भोपाल सिंह, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित रहें।

# रेड फोर्ट स्कूल में हुआ अलंकरण समारोह

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह 2026-27 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डॉ. शूरवीर सिंह बिष्ट द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समारोह में विद्यालय के हेड बॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड बॉय, वाइस हेड गर्ल, हाउस कैप्टन्स, स्पोर्ट्स कैप्टन्स, कल्चरल एवं डिसिप्लिन इंचार्ज सहित छात्र परिषद के सभी सदस्यों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की सभी कक्षाओं के मॉनिटर्स को भी बैज प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. शूरवीर सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन एवं जिम्मेदारी का महत्व बताते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तरंग बेली ने छात्र परिषद के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई तथा उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर विद्यालय में मदर्स डे का भी आयोजन किया गया, जिसमें माताओं के सम्मान एवं उनके योगदान को विशेष रूप से सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन अमित गांधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य देवेंद्र बिष्ट, मैनेजर मनोज बिष्ट, मनोज रावत, कीर्तन भट्ट, सूरज सिंह चौहान, अशोक सिंह मेहता, सोनम गैरोला, खुशबू थापा तथा गबर, दरवान, मेजर शैतान सिंह एवं जसवंत हाउस के सभी हाउस इंचार्ज उपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# स्मार्ट मीटर्स को पोस्टपेड किये जाने का स्वागत किया



अकील अंसारी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन हिंद के प्रदेश प्रभारी/प्रवक्ता अकील अंसारी ने स्मार्ट मीटर को प्रीपेड से पोस्टपेड किये जाने के निर्णय का स्वागत किया। भाकियू हिन्द के प्रदेश प्रभारी/प्रवक्ता अकील अंसारी ने बताया कि संगठन से जुड़े लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर रोक लगाये जाने की मांग को लेकर 9 अप्रैल को एसडीओ कार्यालय पर धरना दिया था तथा बाद में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर स्मार्ट मीटर से विधुत उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी से अवगत कराया गया था। श्री अंसारी ने कहा कि स्मार्ट मीटर को प्रीपेड से पोस्टपेड किये जाने से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। श्री अंसारी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन हिंद किसानों मजदूरों की लड़ाई हमेशा लड़ती रही है और हमेशा लड़ती रहेगी, किसानों मज़दूरों के साथ जब-जब कोई अन्याय होगा, भारतीय किसान उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगी।

# सब्जी विक्रेताओं को हटाया मार्ग अतिक्रमण मुक्त कराया




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** चौकी इंचार्ज विनोद कुमार चपराणा ने पटेल मार्ग व गोखले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया, जिससे व्यवस्था चाक-चौबंद होने पर आमजन ने सराहना की। नगर के पटेल मार्ग व गोखले मार्ग पर फल व सब्जी विक्रेताओं ने कब्जा जमा लिया था। नगर निगम ने सड़क किनारे 2 फीट की पट्टी खींचकर सब्जी कारोबार करने की अनुमति दी थी लेकिन सब्जी विक्रेताओं ने पूरी सड़क पर ही कब्जा जमा लिया था। पटेल मार्ग पर तो लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। नागरिकों की शिकायत पर बाजार चौकी इंचार्ज विनोद कुमार चपराणा ने पुलिस टीम के साथ सत्यापन अभियान चलाते हुए गोखले मार्ग व पटेल मार्ग पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की। पुलिस टीम ने कई अतिक्रमणकारियों के चालान भी काटे। अतिक्रमण मुक्त होने से लोगों ने राहत महसूस की है।

# चिल्ड्रंस एकेडमी में मनाया गया 'मदर्स डे'



**नूरपुर ( चिंगारी )।** नगर में स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को मदर्स डे पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मदर्स डे पर कविताएं, स्पीच, गीत और लघु नाटिका आदि प्रस्तुत की। कक्षा 6 से दीया यादव, श्रेया राठी, चारू शर्मा, दर्शिका चौधरी, साद मलिक, लक्षिता, शिवन्या, अक्षिता, अबू बकर, पृथ्वीराज, कक्षा 7 से मुदित चौहान, मोहम्मद वली, अन्वी, योजना, दिव्या, पल्लवी, आराध्या, श्रद्धा और कक्षा 8 से जिया, मानवी, सियारा, अक्षिता, मानवी यादव, शिवांशी आदि ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन वंशिका निर्माण ने किया। इस अवसर पर एक्टिविटी इंचार्ज रचना यादव, दीपा चौधरी, अरविंद कुमार, राजन कुमार, शिवम त्यागी आदि अध्यापक अध्यापिकाओं का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने बच्चों को अपने माता-पिता का आदर और सेवा करने का वचन दिलाया। चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने बच्चो को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गड्ढे में गिरी कार, बाल-बाल बचा गैस एजेंसी स्वामी का परिवार



## धर्मकांटे पर लोडिंग प्लेट न लगी होने के कारण हुआ हादसा

नजीबाबाद (चिंगारी)। रायपुर रोड तिराहे पर शनिवार शाम एक बडा हादसा होते-होते टल गया। कोटद्वार रोड स्थित राम लक्ष्मी फार्म हाउस के पास बने प्रकाश धर्मकांटा पर लोडिंग प्लेट न लगी होने के कारण एक कार सीधे धर्मकांटे के गड्ढे में जा गिरी। गनीमत रही कि कार सवार इण्डेन गैस डिस्ट्रीब्यूटर रोहितराज सिंह व उनका परिवार बाल-बाल बच गया। इण्डेन गैस एजेंसी के स्वामी रोहितराज सिंह किसी कार्य से रायपुर तिराहे स्थित एसबीआई एटीएम पर गए थे। जैसे ही उन्होंने अपनी कार प्रकाश धर्मकांटा के पास पार्क करनी चाही, धर्मकांटे के ऊपर लोडिंग प्लेट न होने के कारण कार अचानक गड्ढे में गिर गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन एयरबैग खुल जाने से कोई जनहानि नहीं हुई। इस घटना से कार में सवार रोहितराज व उनका परिवार बुरी तरह से घबरा गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने प्रकाश धर्मकांटा संचालकों की लापरवाही पर सवाल उठाए। लोगों का कहना है कि रायपुर तिराहा बेहद व्यस्त क्षेत्र है, जहां दिनभर भारी वाहनों व आम लोगों का आवागमन रहता है। इसके बावजूद धर्मकांटे को बिना ढके खुला छोड़ देना गंभीर लापरवाही है। मौके पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह कई दिनों से धर्मकांटे के लोहे की बड़ी प्लेट वाले बेसमेंट वाले स्थान को ढकने के लिए वहां मौजूद जिम्मेदार लोगों को चेतावनी दे रहे थे, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। लोगों का कहना है कि यदि इस हादसे में कोई जनहानि हो जाती, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता।



शैक्षिक भ्रमण के लिए लोक अदालत पहुंचे विद्यार्थी।

## छात्र-छात्राओं को कराया गया लोक अदालत का शैक्षणिक भ्रमण

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ लॉ के छात्र-छात्राओं को सिविल कोर्ट नजीबाबाद में लोक अदालत का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को लोक अदालत की प्रक्रिया से रूबरू कराया गया एवं छात्रों-छात्राओं को लोक अदालत की प्रक्रिया के बारे में बताया एवं दिखाया गया। सभी छात्र एवं छात्राओं को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित की जाने वाली लोक अदालत के बारे में विभिन्न प्रकार की न्यायिक जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ लॉ के प्रभारी समस्त पाल गौतम एवं अन्य प्रवक्ता डॉ. मोहम्मद जाकिर, रविकांत, अनिल कुमार, नीरज कुशवाहा, रूपाली बलियान आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकशी का एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फ़रार

## आरोपी के पैर में लगी गोली, बाइक, उपकरण व हथियार बरामद

नजीबाबाद चिंगारी बीती रात पुलिस ने गोकशी के एक आरोपी को उपकरण, हथियार व बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका दूसरा साथी भाग जाने में सफल हो गया।

घटना के संबंध में नजीबाबाद का सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कस्बा साहनपुर क्षेत्र में दो दिन पूर्व नाले में एक कट्टे में गोवंश की कुछ अवशेष व खाल बरामद की गई थी। पुलिस ने इस संबंध में थाने पर अज्ञात आरोपियों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने बीती रात एक स्थान पर बाइक पर सवार होकर जा रहे हैं आरोपियों को रोकने के प्रयास किया मगर उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी बचाव में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें गोकशी का आरोपी अलीम उर्फ अल्लू पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि उसका साथी अय्यूब मौके से फरार हो गया। सीओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में जानकारी दी है कि 30 अप्रैल 2026 को साहनपुर के पास बाग में उसने अपने साथी अयूब के साथ मिलकर गोकशी की थी इसके अवशेष व खाल एक कट्टे में कर वहां नाले में फेंक दिए थे। पुलिस ने भी बताया कि अलीम पर कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस फरार हुए आरोपी याकूब की तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपियों की बाइक से गोकशी के उपकरण, हथियार बरामद किये है।

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया



नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में मातृ दिवस बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने माँ शारदे की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। विद्यालय की कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चों ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी का मनमोह लिया। कक्षा नर्सरी के बच्चों ने तेरी उँगली पकडकर चला, एलकेजी के बच्चों ने तू कितनी अच्छी है, यूकेजी के बच्चों ने मिक्स सॉन्ग मेरी माँ, कक्षा एक ने मेरी प्यारी अम्मी, कक्षा दो ने ये तो सच है कि भगवान है, कक्षा सात के बच्चों ने ऐसी होती है माँ इस विषय पर एक्ट प्रस्तुत किया। सभी बच्चों ने माँ के लिए अपना प्रेम प्रकट कर सभी का मनमोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी मातृ-शक्ति को मातृ-दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देतु हुए कहा कि आज का दिन पूरी तरह से मां के प्रति प्रेम दर्शाने का दिन है। वैसे तो हर दिन, हर पल माँ को समर्पित होना चाहिए। माँ सभी के जीवन की अमूल्य निधि होती है, माँ का स्थान संसार में कोई नहीं ले सकता। इसलिए हम सभी को अपनी माताओं का सम्मान करना चाहिए तथा उनकी आज्ञा का पालन कर सभी बच्चों को कड़ी मेहनत से पढ़ाई करके अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ प्रमोद, आयुष, अर्जुन, मनीष, सुरेन्द्र, अनु, नीलम, माधवी, निधि, विक्की, सरिता, रिया, हुमैरा जबीं, काशिफा, गुनगुन, हेमा, खुशी, मेघा, अंजलि, तरु आदि सभी ने उपस्थित रहकर मातृ-दिवस पर अहम भूमिका निभाई।

## 'एक शाम मरहूम शेर हुसैन उर्फी के नाम' आयोजित की गई

नजीबाबाद (चिंगारी)। गीत गज़ल संगम एकेडमी नजीबाबाद के तत्वावधान में एक शेरी नशिस्त उस्ताद शायर शेर हुसैन उर्फी की याद में आयोजित की गई। इस मौके पर शायरों ने शेर हुसैन उर्फी के लिए दुआ ए मगफिरत की गई। शायरों ने अपने कलाम से खिराजे ए अकीदत पेश की। नगर के मौहल्ला सेवाराम में हाफिज शादाब मुल्तानी के निवास पर एक शाम शेर हुसैन उर्फी के नाम आयोजित शेरी नशिस्त को खिताब करते हुए मुख्य अतिथि तसनीम सिद्दीकी ने कहा कि ऐसे इंसान कम मिलते हैं, जिनके दिलो में मोहब्बत व एहतराम कूट कूट करें भरा हो। शेर हुसैन उर्फी एक शायर या इंसान नहीं एक शख्सियत थे। विशिष्ट अतिथि हाजी शमशुल इस्लाम ने कहा कि शेर हुसैन उर्फी का शुमार उस्ताद शायरों में होता था। उन्होंने उर्दू अदब की खिदमात की हैं उनको कभी भुलाया नहीं जा सकता है। विशिष्ट अतिथि मोसूफ अहमद वासिफ ने कहा कि शेर हुसैन उर्फी उर्दू अदब का एक ऐसा चिराग थे जिससे बहुत शम्मा रोशन हो सकती थीं। डॉ. तौकीर मुल्तानी ने अदबी नशिस्तों को वक्त की जरूरत बताया। शेरी नशिस्त के सदर शानावर किरतपुरी ने कहा कि शेर हुसैन उर्फी एक इंसान ही नहीं बल्कि एक फरिश्ता थे। कारी शोएब नफीस के संचालन में आयोजित शेरी नशिस्त का आगाज शादाब मुल्तानी की नात ए पाक से हुआ। शेरी नशिस्त में शानावर किरतपुरी, डॉ. रईस भारती, डॉ. नसीम अख्तर, डॉ. इलियास अंसारी, कारी शाकिर रिजवी, डॉ. आफताब नोमानी, कुमार मोनू रुबा, आसिफ मिर्जा, कमर अख्तर, हाफिज शादाब, सुहैल शाहब शमशी, शहबाज अख्तर, कारी शुएब आदि ने अपना उम्दा कलाम पेश किया। नशिस्त के आयोजक हाफिज शादाब ने सभी का शुक्रिया अदा किया।



नशिस्त में कलाम सुनाते शनावर किरतपुरी।

## सपा नेता के भाई मास्टर शमीम का इंतकाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी हीरो ट्रेलर के नाम से भी प्रसिद्ध शमीम मास्टर पुत्र स्व0 हबीबुररहमान का हार्ट-अटैक से इंतकाल हो गया। वह समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव शहजाद अंसारी के बड़े भाई थे तथा काफी समय से बीमार चल रहे थे। दो दिन पहले हार्ट अटैक आने के कारण उन्हें जॉलीग्रांट स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई। जिसके बाद डॉक्टर ने उन्हें आईसीयू में भर्ती कर दिया, लेकिन उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। देर शाम उनका इंतकाल हो गया। जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। शमीम मास्टर के इंतका पर उनके रिश्तेदारों व दोस्तों में शोक की लहर दौड़ गई।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 11 मई 2026**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, प्रियजनों-मित्रों से विचार-विमर्श, राजनैतिक लाभ लेने हेतु प्रयत्नशील, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, महत्वपूर्ण उपलब्धि।

वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आशा की पूर्ति, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने को, नवसम्पर्क लाभदायी।

मिथुन- समय प्रतिकूल, धन का अभाव, योजना अधूरी, आपसी सम्बन्धों में तनाव, मानसिक उलझनों में वृद्धि, व्यावसायिक उन्नति में अड़चनें, यात्रा सुखद।

कर्क- दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, कठिनाइयों में कमी, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, जनकल्याण की भावना जागृत।

सिंह- स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, दूसरों के आश्वासनों से राहत, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

कन्या- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, किसी योजना का श्रीगणेश, समस्या का संतोषजनक हल, शिक्षा व प्रतियोगिता में सफलता, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

तुला- कार्य-व्यवसाय में असफलता, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, शंका-कुशंका से मतभेद, मानसिक अशांति, आय की तुलना में व्यय की अधिकता।

वृश्चिक-साहसिक प्रयास प्रगति पर, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, आपसी सम्बन्ध मधुर, बकाए धन की प्राप्ति, सुसमाचार से खुशी।

धनु- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, दूसरों के आश्वासनों से राहत, मानसिक शांति, उत्तरदायित्व की पूर्ति, संतानपक्ष का उत्कर्ष, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग।

मकर- आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, बकाए धन की वसूली।

कुम्भ- सफलता में संदेह, लाभ में कमी, मित्रों से मनमुटाव, शत्रु सक्रिय, अकेलेपन की अनुभूति, आर्थिक हानि, आलस्य की अधिकता, आपके व्यवहार से दूसरों को कष्ट।

मीन- समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, राजनीतिक कृत्यों में अभिरुचि, विवाद के समापन में प्रियजन सहायक, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# विद्यार्थियों को फर्स्ट एड किट की उपयोगिता के प्रति जागरुक किया



कार्यक्रम में बनाए गए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने विश्व रेड क्रॉस दिवस पर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन छात्र पवित खरबंदा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा वाणी वाड़ा द्वारा प्रेरणादायक विचार से हुई। इसके बाद कक्षा 4 के विद्यार्थियों अलकामा, अंश्वी, कृष्णा, अध्ययन, अलिजा, अब्दुल, रिया एवं अन्य छात्रों द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने रक्तदान के महत्व, प्राथमिक उपचार तथा आपातकालीन परिस्थितियों में फर्स्ट एड किट की उपयोगिता के बारे में जागरुकता फैलायी। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि छोटी-छोटी दुर्घटनाओं में प्राथमिक उपचार का सही ज्ञान बहुत महत्वपूर्ण होता है। सभा के अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को मानवता, सेवा व सहायता की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## पुण्यतिथि पर अजीत सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्थानीय आरएलडी कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अजीत सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर आरएलडी की नवनियुक्त जिला कमेटी में नजीबाबाद विधानसभा से नियुक्त जिला महासचिव व जिला सचिव प्रमोद कुमार मौर्य, शेर सिंह सैनी, शेख मौ. अकरम, विजयपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पंकज चौधरी विशेष आमंत्रित सदस्य का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सरदार बुद्ध सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखंड एससीएसटी प्रकोष्ठ, नगर अध्यक्ष इकबाल चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश राणा, चौधरी लटूर सिंह, मेघपाल राठी सहित काफी संख्या में जाट समाज के लोग मौजूद रहे।



चौधरी अजीत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## श्रीगुरू गोरखनाथ गौ आश्रय स्थल मार्ग पर कीचड़ से परेशानी



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विकास खण्ड नजीबाबाद के ग्राम जालबपुर गूदड़ के अंतर्गत आने वाले श्री गुरू गोरखनाथ गौ आश्रय स्थल मार्ग काफी खस्ताहाल होने तथा मार्ग पर कीचड़ भरने से उधर से आने-जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग पूर्वी गंग नहर निर्माण खंड-6 नजीबाबाद के अंतर्गत आता है। गौशाला तक पहुंचने का पूरा मार्ग कच्चा है तथा इस मार्ग पर बारिश का पानी भरने के बाद कीचड़ से यह मार्ग अब पूरी तरह से बदहाल हो गया है। मार्ग से पैदल व दुपहिया वाहन से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से गौशाला जाने वाले इस मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग की है।

**आज का विचार**

## अनजाने दर्द और जाने पहचाने एहसास



-सत्यराज

एक नाम अर्चना शर्मा, जिन्हें सीमित परिधि से बाहर ज्यादा कोई नहीं जानता, लेकिन जब हम बताते हैं कि पत्रकार महेश शर्मा की पत्नी श्रीमती अर्चना शर्मा तब ये परिधि बड़ी हो जाती है। धामपुर जैसे सामान्य कस्बे से निकलकर जनपद बिजनौर तक भी पहुंच जाती है। विडंबना यह है कि अर्चना शर्मा अब नहीं रहीं। उनकी आरिष्टि में पहुंचे लोगों ने महेश शर्मा को सांत्वना दी और वापस अपने-अपने गंतव्य को चले गए। मैं भी वहां गया और अपने पत्रकार मित्र को देर तक ढांढस बंधाता रहा। वहां पहुंचे अन्य लोग भी युगों-युगों से जीवन-मृत्यु के इस अकाट्य सत्य की विवेचना अपने-अपने शब्दों में करते रहे और चले गए। मैं भी उन्हीं लोगों की भीड़ में शामिल था, फिर भी सामने रखी उस तस्वीर को देखता रहा, जिस पर आज हार चढ़ा हुआ है। लोग उस चित्र पर पुष्प चढ़ाकर सार्वजनिक रूप से श्रद्धांजलि दे रहे थे। एक सीधी सरल और आदर्श परिभाषा में आकृति लिए हुए एक महिला की यह भी कहानी होती है। 40 वर्ष पूर्व पहले जब महेश शर्मा दूल्हा बनकर अर्चना की डोली अपने घर लाए थे, तो उस बारात में मैं भी शामिल था। आज अर्चना की घर और दुनिया से स्थाई विदाई के समय भी मैं महेश शर्मा के साथ खड़ा था, नहीं थीं तो बस अर्चना शर्मा नहीं थीं। आरिष्टि में शामिल होने आ रहे लोगों का महेश शर्मा स्वागत तो कर रहे थे, लेकिन उनकी आंखों में पत्नी वियोग का स्थाई सूनापन मैं साफ-साफ देख पा रहा था। यूं तो अर्चना शर्मा बेटे-बहु, पोते-पोती वाला पूर्ण जीवन जीकर गई हैं, लेकिन अपने पति महेश शर्मा के जीवन में जो सुनापन दे गई हैं, वह उनके अलावा कोई और महसूस नहीं कर पाएगा, यहां तक उनके परिवारजन भी। जी हां हम और आप जैसे महेश शर्मा के शुभचिंतक भी। एक महिला अर्चना शर्मा का यूं चले जाना ब्रह्मांड की अकेली घटना नहीं है और महेश शर्मा का विचलित होना भी एक पति के लिए सामान्य प्रक्रिया है। बस आज मन था कि अपने उस एहसास को प्रकट करूं जो मैंने वहां रहते महसूस किए हैं, क्योंकि अर्चना और महेश जैसे पात्र आपके जीवन में भी आपके इर्द-गिर्द होंगे अथवा आते रहेंगे। हां उनके नाम अवश्य अलग होंगे। आप इस अनजान से दर्द भरे समुद्र में उतरकर देखें तो जाने-पहचाने से अहसास मन को और भारी ही कर देंगे। **ओम शांति शांति...!**



स्व. अर्चना शर्मा।

# राज्यपाल ने किया पूर्व सैनिक पर्यावरण उद्यान का लोकार्पण

## सैन्य गतिविधि, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण सम्बंधी जानकारी प्राप्त की



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत लैंसडाउन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गढ़वाल राइफल रेजिमेंट सेंटर में आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करते हुए सैन्य गतिविधियों, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, पर्यावरण संरक्षण तथा जनपद की प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों की जानकारी प्राप्त की। लैंसडाउन स्थित शहीद भवानी दत्त जोशी परेड ग्राउंड पहुंचने पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत एवं गढ़वाल राइफल रेजिमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस अवसर पर सुरक्षा बलों द्वारा राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।

राज्यपाल ने सर्वप्रथम पूर्व सैनिकों एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित पूर्व सैनिक पर्यावरण उद्यान का लोकार्पण किया। कैंट बोर्ड के अधिकारियों द्वारा राज्यपाल को उद्यान की संकल्पना, संरचना एवं पर्यावरणीय महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। उद्यान भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों से भी संवाद किया। इसके उपरांत राज्यपाल ने ऑल वुमेन कैफे का भ्रमण किया। यहां उन्होंने स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार किए गए पहाड़ी एवं पारंपरिक उत्पादों का अवलोकन किया। इसके बाद राज्यपाल ने भुल्ली सशक्तिकरण केंद्र का भ्रमण किया। केंद्र में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण एवं उत्पादन इकाइयों का अवलोकन करते हुए उन्होंने वहां कार्यरत महिलाओं एवं कार्मिकों से संवाद किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता, कलात्मकता एवं उपयोगिता की सराहना की।

राज्यपाल ने केंद्र में स्थापित विभिन्न मशीनों एवं प्रशिक्षण उपकरणों का निरीक्षण करते हुए वहां कार्यरत महिलाओं से उनके अनुभव एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को सशक्त बनाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण केंद्र अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत कमान हॉल में जिलाधिकारी द्वारा राज्यपाल को जनपद की कानून व्यवस्था, विकास कार्यों, पर्यटन, आधारभूत सुविधाओं एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। इसी क्रम में रॉय हट में आयोजित स्टेशन ब्रीफिंग के दौरान राज्यपाल को क्षेत्र की सैन्य गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा संबंधी विषयों की जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल विजय तोमर, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, उपजिलाधिकारी शालिनी मौर्य, सीओ निहारिका सेमवाल, सहित सेना, प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'नशामुक्ति' विषय पर उच्च शिक्षण संस्थान स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

### कुमकुम ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** टूरिस्ट संदेश फाउंडेशन की ओर से 'फाउंडेशन के संवाद से समाधान तक' अभियान के अंतर्गत भाबर क्षेत्र के किशनपुरी स्थित एक बारातघर के सभागार में नशामुक्ति विषय पर अन्तर उच्च शिक्षण संस्थान भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम किशनपुरी से आयोजन स्थल तक नशामुक्ति रैली का आयोजन किया गया। तत्पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष के प्रतिनिधि विपिन कैंथोला, नागेंद्र उनियाल, डा. सुरेंद्र लाल आर्य,डा. अश्विनी कुमार शर्मा व मयंक प्रकाश कोठारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दूरभाष के माध्यम से अपने संबोधन में फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे इस कार्य की प्रशंसा की। मुख्य वक्ता नागेन्द्र उनियाल ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए इस प्रकार के प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि हमारे युवा समृद्ध राष्ट्र के लिए संस्कारयुक्त नागरिक बन सकें। मुख्य अतिथि के प्रतिनिधि विपिन कैंथोला ने इस अभियान को सभी स्कूलों-कालेजों में आयोजित करने की बात कही। वहीं मयंक प्रकाश कोठारी ने युवाओं को संस्कारित बनाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजन पर जोर दिया। फाउंडेशन संयोजक सुभाष नौटियाल ने कहा कि फाउंडेशन अपने अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति पर जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है, जो भविष्य में भी जारी रहेगा। तत्पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में कुमकुम ने पहला, धरा रावत ने दूसरा और श्वेता बेंजवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, कण्वघाटी महाविद्यालय, भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय, आईएचएमएस, मालिनी वैली बीएड कॉलेज तथा चन्द्रावती ला कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सेनि. कै. पी एल खन्तवाल, राजेन्द्र प्रसाद पंत, पूर्व प्रधानाचार्य शंकर दत्त गौड़, चित्तमणि देवलियाल, भावना पाण्डेय, पी एन मिश्रा, शैलेश बड़थ्वाल, सत्य नारायण नौटियाल, प्रदीप भट्ट, डॉ. अनुराग शर्मा और डॉ. सुषमा थलेडी सहित अनेक गणमान्य लोग एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चारधाम यात्रा मार्ग पर वाहन चैकिंग जारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** चार धाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद में यात्रा मार्ग पर पुलिस का चैकिंग अभियान लगातार जारी है। नियमों का उलंघन करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज ठाकुर ने बताया कि चार धाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद के कोटद्वार, श्रीनगर व लक्ष्मणझूला क्षेत्र में बाहर से आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी के तहत उपनिरीक्षक भावना भट्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अनेक वाहनों से ब्लैक फिल्म हटाने के साथ ही चालानी कार्रवाई भी की। उन्होंने बताया कि वाहन चालकों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं यात्रा के दौरान मर्यादित एवं जिम्मेदार आचरण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

## उक्रांद ने कोटद्वार में निकाली आक्रोश रैली



कोटद्वार के झंडा चौक पर शनिवार देर शाम को यूकेडी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन।

### भाजपा सरकार का पुतला फूंका

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल महानगर इकाई ने प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में बढ़ते अपराध,भ्रष्टाचार, माफिया तंत्र के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली और प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।

शनिवार देर शाम को दल के कार्यकर्ता झंडा चौक में एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। इसके बाद कार्यकर्ता रैली की शक्ल में तहसील पहुंचे। तहसील पहुंचकर रैली सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए दल के केंद्रीय संरक्षक डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने प्रदेश सरकार पर अपराधियों, माफियाओं और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कोई भी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है। कहा कि यदि प्रदेश में दल सत्ता में आयेगा तो अपराध मुक्त, माफिया मुक्त ,नशा मुक्त व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाई जायेगी। चेतावनी दी कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति में यूकेडी आंदोलन को तेज करने पर बाध्य होगी। तत्पश्चात तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

इस अवसर पर यूकेडी महानगर अध्यक्ष जगदीपक रावत, एडवोकेट रोहित डंडरियाल, महेन्द्र सिंह रावत, पितृशरण जोशी, सत्यप्रकाश भारद्वाज, हरीश द्विवेदी, भारत मोहन काला, देवेन्द्र रावत, कमलेश कुकरेती, गणेश रावत, उमेदसिंह भंडारी, प्रकाश रावत, दीपा अधिकारी, आरती अधिकारी और संदीप पंवार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में निबंध, चार्ट, भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित

### विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की विभागीय परिषद के तत्वावधान में आयोजित भाषण, निबंध तथा चार्ट प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. एस. नेगी द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किये गये।

विभाग प्रभारी डा. एस. के. गुप्ता ने बताया कि सत्र 2025-26 में बी जे एम सी विभाग द्वारा 23 मार्च को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तनुजा ने प्रथम, अंशिका बुड़ाकोटी ने द्वितीय एवं आंचल कुकरेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 24 मार्च को मीडिया कवरेज आफ इलेक्शन विषय पर आयोजित चार्ट प्रतियोगिता में अंशिका बुड़ाकोटी ने प्रथम, आंचल कुकरेती ने द्वितीय एवं हिमांशु देवरानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 28 मार्च 2026 को टीआरपी की दौड़ में गिरती पत्रकारिता विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अंशिका बुड़ाकोटी ने प्रथम, कृष्णकांत कुकरेती ने द्वितीय तथा आंचल कुकरेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को शनिवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अनुपम भारद्वाज एवं अरविंद दुदपुड़ी आदि प्राध्यापकों सहित विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** खुफिया इनपुट के बाद राजधानी दिल्ली में आतंकी अलर्ट जारी किया गया है। इसके चलते भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय और आसपास की सरकारी इमारतों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खुफिया एजेंसियों को डीडीयू मार्ग स्थित कार्यालयों को निशाना बनाए जाने की आशंका है। आतंकी आत्मघाती हमलों, कार बम, गोलीबारी और आईईडी का उपयोग कर सकते हैं। इनपुट के अनुसार, आतंकी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने की फिराक में हैं। सुरक्षा बलों ने संभावित खतरों को कम करने के लिए अपनी निगरानी तेज कर दी है। इसके साथ ही निवारक उपायों को भी बढ़ाया गया है। दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। वे किसी भी अप्रिय घटना को रोकने



## भाजपा मुख्यालय और सरकारी इमारतों पर सुरक्षा बढ़ी

के लिए मुस्तैद हैं। यह जानकारी खुफिया सूत्रों ने दी है। दिल्ली पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी है। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। डीडीयू मार्ग पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। प्रवेश और निकास बिंदुओं पर कड़ी जांच की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेशन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



**पं. केशव शरण शर्मा**

( जन्म 18.4.1910 अवसान 10.05.2008 )

**विद्यालय के संस्थापक, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आज (10 मई) जिनकी 18 वीं पुण्यतिथि है।**

हम सभी विद्यालय परिवार के सदस्य एवं प्रियजन हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हैं।

**निवेदकः- महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज, मण्डावर परिवार के सदस्यगण।**

# राजभवन के 4 चक्कर, 5 दलों का साथ और छठे दिन सरकार...



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** तमिलनाडु में आखिरकार कई दिनों से जारी राजनीतिक संकट खत्म हो गया है। टीवीके चीफ विजय तमिलनाडु के नये मुख्यमंत्री के तौर पर आज शपथ ली है। उनके साथ नौ विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। सुबह दस बजे चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में विजय ने शपथ ली। ऐसा लगभग 60 साल बाद हुआ, जब किसी गैर द्रविड़ दल का नेता मुख्यमंत्री बना, लेकिन विजय के लिए मुख्यमंत्री पद की यह राह बिल्कुल भी आसान नहीं रही।

विजय को स्पष्ट बहुमत और अन्य दलों का स्पष्ट समर्थन नहीं मिलने की वजह से सरकार गठन में बहुत बाधाएं आईं। पहले सात मई और उसके बाद नौ मई को होने वाला विजय का शपथ ग्रहण कैंसिल हुआ। इतना ही नहीं, सरकार गठन के लिए पर्याप्त संख्याबल नहीं होने की वजह से राज्यपाल ने भी उन्हें तीन बार लौटाया। चुनाव जीतने के बाद टीवीके को समर्थन देने वाली सबसे पहली पार्टी कांग्रेस थी। कांग्रेस के पांच विधायकों का समर्थन मिलने पर टीवीके चीफ विजय छह मई को राज्यपाल के पास पहुंचे थे। विजय के पास इस समय 113 विधायकों का समर्थन था, लेकिन राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने के लिए जरूरी 118 विधायकों का समर्थन पत्र पेश करने को कहा, जिस वजह से विजय को निराश लौटना पड़ा था।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

